राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
YouTube Linked in
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत–गुजरात, संस्करण बुधवार,09सितम्बर 2020 वर्ष–3, अंक –224 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पांच राज्यों में 62 फीसदी मामले, 33 लाख से ज्यादा मरीज हुए ठीक

**नई दिल्ली।**

देशभर में अब तक करीब 43 लाख लोगों के कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण के चपेट में आने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में प्रति दस लाख आबादी भारत में संक्रमण के मामले अपेक्षाकृत काफी कम 3,102 हैं जबकि वैश्विक औसत 3,527 है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आयोजित संवाददाता सम्मेलन में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि भारत में प्रति दस लाख आबादी संक्रमण के मामले 3,102 हैं जबकि वैश्विक औसत 3,527 है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रति दस लाख आबादी संक्रमण के 19,594, ब्राजील में 19,514, कोलंबिया में 13,204, स्पेन में 11,241, अर्जेंटीना में 10,798, दक्षिण अफ्रीका में 10,780, रूस में 7,063 और मेक्सिको में 4945 मामले हैं। भूषण ने बताया कि देश में प्रति दस लाख आबादी जांच की गति भी तेजी से बढ़ रही है। देश के 21 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रति दस लाख कोरोना टेस्ट राष्ट्रीय औसत से भी अधिक हो रहे हैं। साप्ताहिक आधार पर दैनिक कोरोना टेस्ट भी बढ़े हैं। एक से सात जुलाई के बीच देशभर में औसत प्रतिदिन 2,28,920 कोरोना टेस्ट, आठ जुलाई से 14 जुलाई के बीच 2,68,773 कोरोना टेस्ट, 15 जुलाई से 21 जुलाई के बीच 3,26,971 टेस्ट, 22 जुलाई से 28 जुलाई के बीच 4,21,940 टेस्ट, 29 जुलाई से चार अगस्त के बीच 5,04,266 टेस्ट, पांच अगस्त से 11 अगस्त के बीच 6,31,014 टेस्ट, 12 अगस्त से 18 अगस्त के बीच 8,08,488 टेस्ट, 19 अगस्त से 25 अगस्त के बीच 8,40,608 टेस्ट, 26 अगस्त से एक सितंबर के बीच 9,28,473 टेस्ट और दो सितंबर से आठ सितंबर के बीच, 10,46,471 कोरोना टेस्ट हुए। उन्होंने कहा कि देश में पांच राज्य ऐसे हैं जिनमें देश के कुल सक्रिय मामलों के 62 फीसदी मामले हैं। देशभर के कुल सक्रिय मामलों में से महाराष्ट्र में 27 फीसदी, आंध्र प्रदेश में 11 फीसदी, कर्नाटक में 10.98 फीसदी, उत्तर प्रदेश में लगभग सात फीसदी और तमिलनाडु में लगभग छह फीसदी मामले हैं। भूषण ने बताया कि देश में कोरोना संक्रमण मुक्त होने वाले व्यक्तियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। 23 मई तक देशभर में 50 हजार व्यक्तियों ने कोरोना संक्रमण को मात दी थी। तीन जून को यह आंकड़ा बढ़कर एक लाख हो गया। इसके बाद इनमें उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो गई। कोरोना संक्रमण को मात देने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 11 जुलाई तक पांच लाख, 30 जुलाई तक 10 लाख, दस अगस्त तक 15 लाख, 19 अगस्त तक 20 लाख, 27 अगस्त तक 25 लाख, चार सितंबर तक 30 लाख और आठ सितंबर तक 33 लाख हो गई। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि भारत में प्रति दस लाख आबादी संक्रमण के कारण मौत के मामले भी वैश्विक औसत 115 से काफी कम मात्र 53 है। स्पेन में प्रति दस लाख आबादी कोरोना संक्रमण के कारण मौत के 631 मामले, ब्राजील में 597 मामले, अमेरिका में 585 मामले, मेक्सिको में 526 मामले, कोलंबिया में 425 मामले, दक्षिण अफ्रीका में 253 मामले, अर्जेंटीना में 224 मामले और रूस में 122 मामले हैं। भूषण ने बताया कि देश में कोरोना मृत्यु दर भी लगातार गिरावट में है। देश में 25 मार्च को कोरोना मृत्यु दर 2.31 प्रतिशत थी। एक अगस्त को देश में कोरोना मृत्यु दर 2.15 प्रतिशत थी जो 15 अगस्त को घटकर 1.94 प्रतिशत , 29 अगस्त को 1.81 प्रतिशत तथा आठ सितंबर को 1.70 प्रतिशत रह गई। उन्होंने बताया कि देश के 28 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से कम है।

## सुशांत सुसाइड केस-एनसीबी पूछताछ में रिया ने लिए 25 बॉलीवुड सेलेब्स के नाम

**नेशनल डेस्क।**

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के केस में ड्रग ऐंगल सामने आने के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिया चक्रवर्ती, उसके भाई शौविक समेत कई अन्य लोगों से पूछताछ जारी है। रिया चक्रवर्ती से मंगलवार को की तीसरे दिन पूछताछ जारी रही। की पूछताछ में धीरे-धीरे रिया टूट रही है और कई खुलासे हो रहे है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिया ने खुद ड्रग लेने की बात कबूली है और साथ ही उसने 25 ऐसे बॉलीवुड सिलेब्रिटीज के नाम बताए हैं जो ड्रग्स लेने में शामिल थे और उनकी पार्टियों में रिया गई भी थी। रिया के कबूलनामे और 25 सेलेब्स के नाम लेने के बाद अब ने डोजियर तैयार किया है, इसमें 25 बॉलीवुड कलाकारों के नाम शामिल हैं। इस डोजियर को ने तैयार किया है। लिस्ट में सेलेब्स के नाम॰, क्ष्ट कैटिगरी में रखे गए हैं और जल्दी ही इन सेलेब्स को समन जारी करेगी। वहीं सुशांत के फार्महाउस के लिए भी रवाना हो गई है। पावना में सुशांत के फार्म हाउस भी तलाशी लेगी। बता दें कि



रिया का भाई शौविक चक्रवर्ती फिलहाल पुलिस रिमांड पर है। रिया चक्रवर्ती और शौविक चक्रवर्ती के मोबाइल फोन और लैपटॉप की फरेंसिक जांच से इस बात खुलासा हुआ है कि 2017 से ही रिया टीम ड्रग के खेल में शामिल थी।

## चीन के बाद अब पाकिस्तान ने दी भारत को गीगड़भभकी, कहा- हम हाइब्रिड वॉर जीतने को तैयार

**इस्लामाबाद।** भारत-चीन सीमा विवाद के बीच चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स की भारत को खुलेआम धमकी के बाद अब उसके आयरन ब्रदर पाकिस्तान ने भी भारत को गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तान सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने भारत को खुली चेतावनी दी कि पाकिस् तान पांचवीं पीढ़ी या हाइब्रिड वॉर को जीतने के लिए तैयार है। उ- होंने कहा कि पाकिस् तान इस समय कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसका मकसद देश और पाकिस् तानी सेना को बदनाम करना है। पाकिस् तान के डिफेंस डे और शहीद दिवस पर रावलपिंडी में आयोजित कार्यक्रम में जनरल बाजवा ने कहा कि हम पांचवीं पीढ़ी या हाइब्रिड का सामना कर रहे हैं। इसका उद्देश य पाकिस् तान और सेना को बदनाम करना तथा अ० यवस् था पैदा करना है। उन्होंने कहा, हम इस खतरे से वाकिफ हैं और देश की मदद से इस जंग को निश्चित रूप से जीतेंगे। भारत का नाम लिए बिना बाजवा ने कहा कि अगर हमारे ऊपर युद्ध थोपा गया तो हम हर एक आक्रामक कार्रवाई का करारा जवाब देंगे। जनरल बाजवा ने कहा,एक आक्रामक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम दुश मन की घातक मंशा का जवाब देने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई के इरादे के बारे में किसी को संदेह नहीं है। भारत के साथ 1965 की जंग में करारी शिकस्त खाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने दावा किया कि इस युद्ध में पाकिस्तान को जीत मिली थी।

### संक्षिप्त समाचार



## संजय राउत एक बार फिर बने शिवसेना की आवाज, पार्टी ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

**मुंबई।** शिवसेना ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य संजय राउत को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। राउत शिवसेना के मुखपत्र सामना के कार्यकारी संपादक भी हैं। अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा मुंबई की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से करने के बाद से राउत और अभिनेत्री बीच वाकयुद्ध चल रहा है। शिवसेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राउत को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। शिवसेना ने बताया कि राउत के अलावा, लोकसभा सदस्य अरविंद सावंत और धैर्यशील माने, राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत, अनिल परब, गुलाबराव पाटिल, विधायक सुनील प्रभु और प्रताप सरनाईक, मुंबई की महापौर किशोरी पेडनेकर और वरिष्ठ नेता नीलम गोरहे को पार्टी का प्रवक्ता बनाया गया है। गौरतलब है कि कंगना रनौत और शिवसेना सांसद संजय राउत के बीच कुछ दिनों से जुबानी जंग जारी है। कंगना ने कहा था कि उन्हें बॉलीवुड माफिया से ज्यादा मुंबई पुलिस से डर लगता है। इसपर राउत ने कहा था कि यदि उन्हें मुंबई में डर लगता है तो उन्हें वापस नहीं आना चाहिए। पलटवार करते हुए अभिनेत्री ने कहा था कि मुंबई पीओके है क्या। राउत ने कंगना के बयान की शिवसेना के मुखपत्र सामना में आलोचना करते हुए लिखा था कि अभिनेत्री मुंबई में रहती हैं, इसके बावजूद शहर के पुलिस बल की आलोचना करना विश्वासघात और शर्मनाक है। उन्होंने लिखा था, हम विनम्र निवेदन करते हैं कि वे मुंबई न आएं। यह मुंबई पुलिस का अपमान करने के अलावा और कुछ नहीं है। गृह मंत्रालय को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## पंजाबी को अधिकारिक भाषा में शामिल करने की मांग, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने भी दिया समर्थन



**कठुआ ।** जम्मू कश्मीर में पंजाबी को अधिकारिक भाषा में शामिल करने की मांग को लेकर सिक्ख समुदाय का संघर्ष जारी है। जम्मू कश्मीर सिक्ख काउंसिल के बैनर तले हटली मोड़ में समुदाय के लोगों ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। धरने में पैंथर्स पार्टी के जिला अध्यक्ष राबिन शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के सोमराज मजोत्रा के अलावा अन्य कई संगठनों के सदस्यों ने भी भाग लेकर इस जायज मांग को लेकर जारी संघर्ष में समर्थन देने की घोषणा की। वक्ताओं ने कहा कि सिक्ख समुदाय लगातार प्रदेश में मांग कर रहा है कि पंजाबी को अधिकारिक भाषा में शामिल किया जाए। हालांकि पांच अन्य भाषाओं को सरकार ने शामिल किया है जिसका वे स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांग भी जायज है ऐसे में सरकार को पंजाबी भाषा को अधिकारिक भाषा में शामिल कर सिक्ख समुदाय के साथ इंसाफ करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग को पूरा न किया गया तो वह आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की उपस्थिति हो रही मजबूत, भारतीय मीडिया भी हो ग्लोबल : मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति मजबूत हुई है , ऐसे में भारतीय मीडिया को भी 'ग्लोबल होने की जरूरत है। जयपुर में जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर समाचारपत्र समूह 'पत्रिका की ओर से निर्मित 'पत्रिका गेट का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि मीडिया द्वारा सरकार की आलोचना स्वाभाविक है और इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। मोदी ने कोरोना वायरस महामारी को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया की सराहना करते हुए इसे लोगों की 'अभूतपूर्व सेवा बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत के स्थानीय उत्पाद आज ग्लोबल हो रहे हैं। भारत की आवाज भी और ज्यादा ग्लोबल हो रही है। दुनिया भारत को और ज्यादा गौर से सुनती है। हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की मजबूत उपस्थिति है। ऐसे में भारत के मीडिया को भी ग्लोबल होने की जरूरत है। स्वच्छ भारत, उज्जवला गैस योजना और जल जीवन मिशन जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और कोरोना के खिलाफ जंग में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए मोदी ने सरकार के कार्यों की विवेचना और आलोचना को स्वाभाविक बताया। उन्होंने कहा, ''सरकार की योजनाओं में जमीनी स्तर पर जो कमियां है, उसको बताना और उसकी आलोचना स्वाभाविक है। सोशल मीडिया के दौर में यह और भी ज्यादा स्वाभाविक हो गया है। लेकिन आलोचना से सीखना भी हम सबके लिए उतना ही स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए आज हमारा लोकतंत्र मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत और 'लोकल के लिए वोकल संकल्प को एक बड़े अभियान की शक्ल देने और उसे व्यापक करने की जरूरत पर बल दिया। इस कार्यक्रम में जयपुर से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राज्यपाल कलराज मिश्र भी शामिल हुए। राज्यपाल कलराज मिश्र भी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पत्रिका समूह के अध्यक्ष द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन भी किया।



## भारत ने कभी पार नहीं की एलएएसी, चीन कर रहा उकसावे की कार्रवाईः भारतीय सेना

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में सैन्य उकसावे के चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) के आरोपों को मंगलवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उसने कभी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पार नहीं की या गोलीबारी समेत किसी आक्रामक तरीके का इस्तेमाल नहीं किया। पीएलए ने सोमवार देर रात को आरोप लगाया था कि भारतीय सैनिकों ने एलएसी पार की और पूर्वी लद्दाख में पेगोंग झील के पास चेतावनी देने के लिए च्च्खराब तरीके से गोलियां चलाईं।÷ एक बयान में, भारतीय सेना ने कहा कि यह पीएलए है जो समझौतों का खुलेआम उल्लंघन कर रही है और आक्रामक युक्तियां अपना रही है जबकि सैन्य, कूटनीतिक एवं राजनीतिक स्तर पर बातचीत जारी है।सेना ने कहा,त सितंबर के ताजा मामले में, पीएलए के सैनिकों ने एलएसी के पास हमारे एक अग्रिम ठिकाने तक आने की कोशिश की और जब हमारे सैनिकों ने उन्हें रोका तो उन्होंने भारतीय सैनिकों को डराने के प्रयास में हवा में कुछ राउंड गोलियां चलाईं। उसने कहा कि गंभीर उकसावे के बावजूद, भारतीय सैनिकों ने अत्यंत संयम बरता और परिपक्व एवं जिम्मेदार तरीके से व्यवहार किया। सेना ने कहा, च्च्भारतीय सेना ने कभी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पार नहीं की या गोलीबारी समेत किसी आक्रामक तरीके का इस्तेमाल नहीं किया। सेना ने पीएलए के च्च्वेस्टर्न थियेटर कमांडज् के बयान को उनके अपने लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने की कोशिश करार दी। सेना ने कहा, ÷भारतीय सेना शांति एवं सौहार्द्र बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं बहरहाल, वह राष्ट्रीय संप्रभुता एवं अखंडता की हर कीमत शुइली ने एक बयान में आरोप लगाया कि भारतीय सैनिकों ने अवैध रूप से गश्त रहे सैनिकों पर खराब ढंग से चेतावनी देने के लहजे में गोलियां चलाईं।

**मानसून सत्रः**

## कांग्रेस की चीन से गतिरोध, आर्थिक गिरावट समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने 14 सितंबर से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले मंगलवार को फैसला किया कि सीमा पर चीन के साथ गतिरोध, कोरोना वायरस संकट और जीडीपी विकास दर में गिरावट समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई रणनीतिक समूह की डिजिटल बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि पार्टी सरकार की ओर से संसद की मंजूरी के लिए लाए जा रहे कुछ अध्यादेशों का विरोध करेगी। इन अध्यादेशों में दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में संशोधन संबंधी अध्यादेश और पीएम केयर्स कोष में अनुदान पर आयकर में शत प्रतिशत की कटौती से संबंधित अध्यादेश प्रमुख हैं। बैठक के बाद कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, ''हम भारतीय सीमा में चीन की घुसपैठ,



कोरोना वायरस संकट और अर्थव्यवस्था की बदहाली पर चर्चा की मांग करेंगे। इन मुद्दों को लेकर सरकार को पुरजोर ढंग से घेरने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि सांसदों के वेतन में कटौती एवं सांसद निधि के निलंबन से जुड़े अध्यादेश पर यह फैसला हुआ कि कांग्रेस वेतन में कटौती के प्रावधान का समर्थन करेगी, लेकिन सांसद निधि के निलंबन का विरोध करेगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के इस रणनीतिक समूह की बैठक में सोनिया गांधी ने आगामी सत्र के दौरान सहयोगी दलों के साथ बेहतर समन्वय की जरूरत पर जोर दिया। राहुल गांधी ने भी इन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की पैरवी की।

## एलआईसी मामले पर राहुल गांधी का सरकार पर हमला, मोदी जी चला रहे 'सरकारी कंपनी बेचो मुहिम



**नेशनल डेस्क।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण कर खजाने को भरने में जुटे हैं। राहुल ने ट्वीट कर कहा कि मोदी जी 'सरकारी कंपनी बेचो मुहिम चला रहे हैं। खुद की बनाई आर्थिक बेहाली की भरपाई के लिए देश की सम्पत्ति को थोड़ा-थोड़ा करके बेचा जा रहा है।जनता के भविष्य और भरोसे को ताक पे रखकर को बेचना मोदी सरकार का एक और शर्मनाक प्रयास है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है, एलआईसी में 25 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर खज़ाना भरेगी केंद्र सरकार। का एक और शर्मनाक प्रयास है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है, एलआईसी में 25 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर खज़ाना भरेगी केंद्र सरकार।

## इंदौर को मिली बड़ी सौगात, आईआईटी परिसर में खुलेगा देश का 1242वां केंद्रीय विद्यालय



**इंदौर।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने इंदौर आईआईटी परिसर में केंद्रीय विद्यालय बनाने की घोषणा की। यह देश का 1242 वां केंद्रीय विद्यालय होगा। इस बड़ी सौगात के लिए इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट के जरिए इस बात की जानकारी देते हुए कहा- मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन की विशाल श्रृंखला में एक नया नाम जुड़ने जा रहा है। आज केन्द्रीय विद्यालय आईआईटी, इंदौर खोलने के आदेश हो रहे हैं। मेरा विश्वास है कि आईआईटी, इंदौर परिसर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा का एक अनोखा संयोग होगा। लाभान्वित होने वाले समस्त विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं। केन्द्रीय विद्यालयों की श्रृंखला में यह 1242वां विद्यालय है। बता दें कि इंदौर आईआईटी परिसर की 502 एकड़ में फैला है इंदौर से 20 किलोमीटर दूर सिमरोल स्थित परिसर में वर्तमान में कई विभाग संचालित किए जा रहे हैं।

सिमरोल स्थित परिसर में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण जल्द ही किया जाएगा। केन्द्रीय विद्यालयों की श्रृंखला में यह 1242वां विद्यालय है। बता दें कि इंदौर आईआईटी परिसर की 502 एकड़ में फैला है इंदौर से 20 किलोमीटर दूर सिमरोल स्थित परिसर में वर्तमान में कई विभाग संचालित किए जा रहे हैं। सिमरोल स्थित परिसर में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण जल्द ही किया जाएगा।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## मिसबाह को जहीर की सलाह, मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता में से किसी एक को चुने

**कराची।** पाकिस्तान के महान क्रिकेटर जहीर अब्बास ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह-उल-हक को सलाह दी है कि अगर वह सफल होना चाहते हैं, तो उन्हें इन दोनों में से सिर्फ एक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जहीर ने 'क्रिकेट बाज से कहा, 'मैं कभी भी एक साथ दो प्रमुख पदों को स्वीकार नहीं करूंगा क्योंकि इससे आप पर काफी दबाव पड़ता है। पेशेवर क्रिकेट आसान खेल नहीं है। मुझे लगता है कि मिसबाह को खुद इस बारे में सोचने और सही निर्णय लेने की आवश्यकता है। खराब प्रदर्शन के बाद कोई भी बहाना नहीं सुनना चाहता है। इस पूर्व करिश्माई बल्लेबाज ने हाल के इंग्लैंड दौरे पर टीम के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि पहली पारी में बड़ी बढ़त लेने के बाद ही कमजोर टीमें टेस्ट हार जाती हैं। उन्होने कहा, 'ऐसा लगा जैसे पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहले टेस्ट में जीत उपहार में दी। उस मैच में इंग्लैंड ने हमारी कमजोरियों को उजागर किया। हम अब भी टेस्ट में सही संयोजन और खिलाड़ियों को खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 'ऐसा लगा जैसे पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहले टेस्ट में जीत उपहार में दी। उस मैच में इंग्लैंड ने हमारी कमजोरियों को उजागर किया। हम अब भी टेस्ट में सही संयोजन और खिलाड़ियों को खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

क्रिकेट

# बीबीएल में खेलना चाहते हैं टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, सीए कर रहा है मदद



**स्पोर्ट्स डेस्क।**

पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलना चाहते हैं और क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) उनके लिए क्लब ढूंढने में मदद कर रहा है। अभी तक भारत का कोई भी खिलाड़ी बीबीएल में नहीं खेला है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता है। वार्न ने सोमवार को कहा, ''हम सीए के साथ मिलकर टीम तलाश रहे हैं। विश्व कप 2011 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे युवराज ने 2017 के बाद भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 304 वनडे में 8701 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने देश की तरफ से 40 टेस्ट और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि बीबीएल क्लब अभी युवराज में बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हें। आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स संघ के अध्यक्ष और इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की तरफ से खेल चुके शेन वाटसन का मानना है कि बीबीएल में भारतीय खिलाड़ी का शामिल होना अविश्वसनीय होगा। वाटसन ने कहा, 'उनके लिए इस टूर्नामेंट में खेलना अविश्वसनीय होगा। यह आदर्श स्थिति है। शामिल होना अविश्वसनीय होगा। वाटसन ने कहा, 'उनके लिए इस टूर्नामेंट में खेलना अविश्वसनीय होगा। यह आदर्श स्थिति है। भारत में कई विश्वस्तरीय टी20 खिलाड़ी हैं जो भारत के लिये नहीं खेल रहे हैं तथा बिग बैश और दुनिया भर के अन्य टूर्नामेंट के लिये उपलब्ध हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो इससे बड़ा अंतर पैदा होगा। 37 वर्षीय युवराज ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और इस तरह से उनका विदेशी लीग में खेलने का रास्ता साफ हो गया है। सिडनी मार्निंग हेरल्ड की रिपोर्ट के अनुसार युवराज के मैनेजर जैसन वार्न ने ने पुष्टि की कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया इस पूर्व भारतीय आलराउंडर में दिलचस्पी रखने वाली फ्रेंचाइजी ढूंढने की कोशिश कर रहा है।

## आईपीएल में जगह नहीं मिलने से निराश नहीं होता, अमला जैसे खिलाड़ी भी नहीं बिके: पुजारा

**नई दिल्ली।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी की किसी फ्रेंचाइजी टीम का समर्थन नहीं मिलने के बावजूद चेतेश्वर पुजारा को निराशा नहीं होती है जो लोगों की इस विचारधारा को बदलना चाहते हैं कि वह केवल लंबी अवधि के प्रारूप के विशेषज्ञ हैं। कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्ट्राइक रेट (लगभग 110) उनके बराबर है लेकिन फ्रेंचाइजी उनका चयन करती है लेकिन 2018-19 में भारत की आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर जीत के सूत्रधार रहे पुजारा को हमेशा नजरअंदाज कर दिया जाता है। पुजारा इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, 'एक क्रिकेटर होने के नाते मैं इस तरह से नहीं सोचता। फिर मैं ऐसा इंसान हूं जो कभी इस तरह का अहं भाव नहीं रखेगा क्योंकि मैंने देखा है कि आईपीएल नीलामी पेचीदा होती है। कप्तान विराट कोहली के साथ भारत के सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट बल्लेबाज ने कहा, 'मैंने देखा है कि हाशिम अमला जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों को भी नीलामी में खरीदार नहीं मिलता है। कई बहुत अच्छे टी20 खिलाड़ी हैं जिन्हें नहीं चुना जाता है। इसलिए मैं इसको लेकर अहं भाव नहीं रखता कि उन्होंने मुझे नहीं चुना। हां, मौका मिलने पर मैं आईपीएल में खेलना चाहूंगा। पुजारा से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि उन्हें लोगों की उनको लेकर बनी धारणा के कारण नुकसान होता है, उन्होंने कहा, 'मैं हां कहूंगा। मुझ पर टेस्ट



खिलाड़ी का ठप्पा लगा दिया गया है और मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता। आस्ट्रेलिया के 2018-19 दौरे में 500 से अधिक रन बनाकर भारत को 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पुजारा ने कहा, 'मैं शुरू से कहता रहा हूं कि मुझे मौका मिलना चाहिए और एक बार मौका मिलने पर ही मैं यह साबित कर पाऊंगा कि मैं सफेद गेंद (सीमित ओवरों) की क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं ।

## लोग सोचते थे क्रिकेट के अलावा दूसरा खेल खेलना समय की बर्बादी है: अमित

**बेंगलुरु ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमित रोहिदास का कहना है कि एक समय ऐसा था जब लोगों को लगता था कि भारत में क्रिकेट के अलावा दूसरा खेल खेलना समय की बर्बादी है। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा था कि राज्य में जमीनी स्तर पर खेल के बुनियादी ढांचे और कोचिंग सुविधा विकसित की जाएगी। अमित ने कहा कि यह देखना सुखद है कि ओडिशा में खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। ओडिशा के सुंदरगढ़ से आने वाले अमित ने कहा, 'मेरे ख्याल से ओडिशा में खेल को बढावा देने का यह सही समय है क्योंकि सरकार जमीनी स्तर पर इसको बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। इससे ना सिर्फ युवा खिलाड़ियों बल्कि कोचों को भी बेहतर अवसर मिलेंगे। खेल को विशेषकर हॉकी को सरकारी और निजी स्कूलों में अनिवार्य करना गेम चेंजर साबित होगा क्योंकि हॉकी सुंदरगढ़ और इसके आसपास के क्षेत्रों में ज्यादातर खेला जाता है। उन्होंने कहा, 'एक समय ऐसा था जब लोग सोचते थे कि भारत में क्रिकेट के अलावा कोई और खेल खेलना समय की बर्बादी है और खेलने से कोई अपना जीवन नहीं बना सकता है। लेकिन हाल के वर्षों में परिवर्तन आया है और अगर आप खेल में अच्छे हैं तो आपको सम्मान तथा नौकरी मिलती है।% बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में मौजूद अमित का कहना है कि वह यूरोपियन टीमों को फोलो करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इन टीमों का पेनल्टी कार्नर और डिफेंडिंग रणनीति को देखता हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कि पांच महीने से यह देखना दिलचस्प होगा कि पांच महीने से ज्यादा समय के बाद हॉकी शुरु होने पर यह टीमें कैसा प्रदर्शन करती हैं।

# सीएसके के ट्रेनिंग कैंप में धोनी को देख पठान हुए हैरान, कहा- माही का ये रूप पहली बार दिखा

**स्पोर्ट्स डेस्क ।**

गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और उपविजेता चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 सितंबर को अबु धाबी में होने वाले विस्फोटक मुकाबले के साथ आईपीएल 13 की जंग शुरु हो जाएगी। ऐसे में टीम इंडिया के पर्व क्रिकेटर रहे इरफान पठान का मानना है कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का सीएसके के ट्रेनिंग कैंप में एक नया रूप दिखा है। जिसे मैंने अपने क्रिकेट करियर में कभी नहीं देखा। दरअसल, एक क्रिकेट वेबसाइट से बातचीत के दौरान पठान ने कहा, आइपीएल से पहले सीएसके कैंप में हमने एक नया दृश्य देखा है, जहां एमएस धौनी विकेटकीपिंग का अभ्यास कर रहे हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ है, यह मेरे लिए कुछ नया है।, क्योंकि मैंने उनके साथ इतने सालों तक क्रिकेट खेला है, चाहे वह भारतीय टीम के लिए हो या सीएसके के साथ टी20 लीग में है। इरफान ने आगे कहा, मैंने उन्हें कभी भी विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस करते हुए नहीं देखा।इसका कारण है कि उन्होंने लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेला है।

मुझे लगता है कि कुछ लेग स्पिनर गेंदबाज थी, इसलिए वह नए गेंदबाजों की जांच करने की कोशिश कर रहे होंगे, लेकिन यह देखना अच्छा है कि वह अभ्यास के दौरान विकेटकीपिंग कर रहे हैं। इसका कारण है कि उन्होंने लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेला है। मुझे लगता है कि कुछ लेग स्पिनर



गेंदबाज थी, इसलिए वह नए गेंदबाजों की जांच करने की कोशिश कर रहे होंगे, लेकिन यह देखना अच्छा है कि वह अभ्यास के दौरान विकेटकीपिंग कर रहे हैं। गौरतलब है कि माही के आईपीएल करियर पर नजर डाले तो उन्होंने आइपीएल के पिछले 12 सीजन में कुल 190 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने कुल 3,215 रन बनाए हैं और उनका औसत 42.20 का रहा है। धौनी ने आइपीएल में अब तक एक भी शतक नहीं लगाया है और उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 84 रन रहा है। उन्होंने आइपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन साल 2013 में बनाए थे।

### संक्षिप्त समाचार



## नीशम का बड़ा बयान, इन 2 खिलाड़ियों के साथ आईपीएल 2020 जीत सकती है किंग्स इलेवन

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) में 19 सितम्बर से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले बहुत से क्रिकेटरों का मानना है कि इस बार किंग्स इलेवन पंजाब जीत सकता है। अब न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर जेम्स नीशम ने भी माना है कि किंग्स इलेवन आईपीएल 2020 का खिताब जीत सकती है जिसका कारण टीम में ग्लैन मैक्सवेल और क्रिस गेल का होना है। हाल ही में यूएई पहुंचे नीशम फिलहाल क्वारंटाइन हैं और आने वाले दिनों में अपनी टीम किंग्स इलेवन के साथ जुड़ेंगे। जेम्स नीशम ने इस बारे में बात करते हुए कहा, लंबे समय बाद इस बार आईपीएल में खेलेन वाला हूं। एक पुराने खिलाड़ी के रूप में और एक अनुभवी खिलाड़ी के रूप में आना रोमांचक है। पिछली बार मैं दिल्ली के लिए खेला था। मुझे नहीं पता था कि सफल होने के लिए मुझे क्या करना होगा। यह एक चुनौती थी। इस बार मैं स्थिर दिमाग और ज्ञान के साथ आया हूं और उम्मीद है कि स्क्वाड में कुछ युवा लोगों को यह ज्ञान दे सकता हूं। वास्तव में हमारी टीम के बारे में उत्साहित हूं। टीम में क्रिस गेल और ग्लेन मैक्सवेल जैसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नाम मिले जिससे टीम निश्चित रूप से बहुत सारे मैच और टूर्नामेंट जीत सकती है। क्रिस गेल बेहतरीन बल्लेबाज हैं और एक बार उनका बल्ला चलने लगता है तो उसे रोक पाना बेहद मुश्किल होता है। वेस्टइंडीज के इस अनुभवी क्रिकेटर ने खुद को एक पावरफुल स्ट्राइकर के रूप में पेश किया है। शायद ही कोई ऐसी लीग होगी जिसमें गेल ना खेले हों।

## फ्रांसीसी स्ट्राइकर मबापे कोविड-19 से संक्रमित, नहीं खेल पाएंगे अगला मैच

**पेरिस ।** फ्रांस और पेरिस सेंट जर्मेन के स्ट्राइकर काइलिन मबापे का कोविड-19 के लिये किया गया परीक्षण पॉजीटिव आया है और वह क्रोएशिया के खिलाफ



नेशन्स लीग के अगले मैच में नहीं खेल पाएंगे। फ्रांस फुटबाल महासंघ ने कहा कि मबापे को जब कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता चला तो उन्होंने सोमवार की शाम फ्रांस का अभ्यास शिविर छोड़ दिया और घर पर पृथकवास पर चले गए। महासंघ ने कहा कि यूरोपीय फुटबाल की सर्वोच्च संस्था यूएफा ने सोमवार की सुबह परीक्षण करवाया था। फ्रांस ने मबापे के गोल की मदद से शनिवार को नेशन्स लीग मैच में स्वीडन को 1-0 से हराया था। यह उनका 14वां अंतरराष्ट्रीय गोल था। राष्ट्रीय महासंघ ने कहा कि मबापे का राष्ट्रीय शिविर से जुड़ने से पहले परीक्षण किया गया था जो नेगेटिव आया था। यही नहीं स्वीडन के खिलाफ मैच से पूर्व भी उनका परीक्षण हुआ था और उसका परिणाम भी नेगेटिव रहा था।

# पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेटरों के वेतन में बड़ी बढ़ोतरी



**कराची ।**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मंगलवार को घोषित संशोधित वेतन संरचना के अनुसार देश के शीर्ष घेरलू क्रिकेटर एक सत्र में इस खेल से 32 लाख पीकेआर (लगभग 14 लाख भारतीय रूपए) की कमाई कर सकते हैं जिसमें डेढ़ लाख पीकेआर (लगभग 66 हजार भारतीय रुपये) मासिक रिटेनर भी शामिल है। बोर्ड ने 30 सितंबर से शुरू होने वाले सत्र से पहले नई वेतन संरचना घोषित की जिसमें घरेलू खिलाड़ी 2019-20 सत्र की तुलना में कम से कम 7 प्रतिशत अधिक कमाई करेंगे। पीसीबी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, 'शीर्ष घरेलू क्रिकेटर अधिकतम 32 लाख पीकेआर की कमाई कर सकते है जो पिछले सत्र की तुलना में 83 प्रतिशत अधिक है। इन खिलाड़ियों की न्यूनतम कमाई 18 लाख पीकेआर (पाकिस्तानी रूपया) होगी जो पिछले सत्र की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक होगा। बोर्ड ने बताया, 'ए प्लस वर्ग में आने वाले खिलाड़ियों को 12 महीने तक डेढ़ लाख पीकेआर का मासिक रिटेनरशिप मिलेगा। खिलाड़ियों को इसके अलावा राष्ट्रीय टी20 कप और पाकिस्तान कप के लिए बोर्ड ने बताया, 'ए प्लस वर्ग में आने वाले खिलाड़ियों को 12 महीने तक डेढ़ लाख पीकेआर का मासिक रिटेनरशिप मिलेगा। खिलाड़ियों को इसके अलावा राष्ट्रीय टी20 कप और पाकिस्तान कप के लिए प्रतिमैच 40,000 पीकेआर मिलेंगे जबकि कायदे आजम ट्राफी के लिए उन्हें प्रति मैच 60,000 पीकेआर मिलेगा। बोर्ड ने कहा कि हर वर्ग के खिलाड़ी का मासिक रिटेनरशिप अलग-अलग है लेकिन सभी को एक समान मैच फीस मिलेगा। पीसीबी की नयी सूची में एक प्लस वर्ग में 10 खिलाड़ी है जिन्हें डेढ़ लाख पीकेआर मासिक रिटेनरशिप मिलेगा। ए वर्ग के 38 खिलाड़ियों को 85,000 पीकेआर (लगभग 37 हजार रुपए) जबकि बी वर्ग के 48 खिलाड़ियों को 75,000 पीकेआर (लगभग 33 हजार रुपए) मिलेंगे। सबसे ज्यादा 72 खिलाड़ी सी वर्ग में है जिन्हें 65,000 पीकेआर (लगभग 28 हजार रुपए) तो वही डी वर्ग के 24 खिलाड़ियों को 40,000 पीकेआर (लगभग 17.5 हजार रुपए) का मासिक वेतन मिलेगा।

## डेथ ओवरों में अपनी कमी ढुंढने पर काम कर रही है टीम : चहल

**दुबई ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल का कहना है कि टीम डेथ ओवरों में अपनी कमी ढुंढने पर काम कर रही है। विराट कोहली के नेतृत्व वाली आरसीबी टीम को कोई बार डेथ ओवरों में ज्यादा रन लुटाने का नुकसान उठाना पड़ा है। आरसीबी आईपीएल की मजबूत टीमों से एक है और खिताब की प्रबल दावेदार रही है लेकिन उसने 12 सत्रों में अबतक खिताब नहीं जीता है। आईपीएल का 13वां सत्र संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक होना है। चहल ने कहा, 'हम डेथ ओवरों में अपनी कमी को ढुंढने पर काम कर रहे हैं। हमारे पास टीम में डेल स्टेन, नवदीप सैनी, क्रिस मोरिस और उमेश यादव जैसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। हम अंतिम ओवरों में गेंदबाजी को लेकर चिंतित नहीं है क्योंकि टीम में सभी तैयार हैं और यूएई की पिच स्पिनर के लिए भी मददगार होगी। उन्होंने कहा कि आरसीबी की टीम में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्पिनरों का अच्छा मेल है। चहल ने कहा, 'हमारे पास टीम में वाशिंगटन सुंदर, मोईन अली और शाहबाज अहमद जैसे गेंदबाज हैं। यूएई के तीन आयोजन स्थल के पिचों के लिहाज से यह अच्छा स्पिन आक्रमण है।

## 2016 के बाद सर्वश्रेष्ठ महसूस कर रहा हूं, इतनी शांति कभी नहीं थी : कोहली

**दुबई ।** अब तक इंडियन प्रीमियर लीग के तमाम सत्रों में मिली नाकामियों से खुद को अलग करके विराट कोहली और उनकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर टीम इस बार लीग में अपेक्षाओं के दबाव के बिना उतरेगी और कोहली का कहना है कि इस तरह की 'शांति उन्होंने 2016 में महसूस की थी। टीम में कोहली और एबी डिविलियर्स जैसे चैम्पियन खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद आरसीबी पिछले तीन सत्र में प्लेआफ में भी जगह नहीं बना सकी। आखिरी बार टीम 2016 में फाइनल में पहुंची थी जिसमें कोहली ने चार शतक लगाए थे। भारतीय कप्तान ने आरसीबी के यूट्यूब शो 'बोल्ड डायरीज में कहा, '2016 आईपीएल का हिस्सा होना सुखद था। उसके बाद से यह सबसे संतुलित टीम है। कोहली ने कहा कि वह और डिविलियर्स दोनों महसूस कर रहे है कि इस सत्र में कामयाबी मिल सकती है। उन्होंने कहा, 'मैंने सत्र से पहले इस तरह की शांति कभी महसूस नहीं की। एबी भी यही महसूस कर रहा है और वह काफी इत्मीनान के साथ पूरी तरह फिट होकर आया है। मुझे लगता है कि जहां तक आईपीएल के माहौल का सवाल है तो मैं बेहतर और अधिक संतुलित महसूस कर रहा हूं। कोहली ने कहा, 'अतीत की चीजों को भुलाकर हम अपेक्षाओं के दबाव के बिना खेलेंगे। पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास काफी हुनरमंद खिलाड़ी है और लोग उन्हें खेलते देखना पसंद करते हैं। यही वजह है कि टीम से इतनी अपेक्षायें भी हैं। उन्होंने कहा कि माइक हेसन को मुख्य कोच बनाना अच्छा फैसला रहा जो प्रबंधन और खिलाड़ियों के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। एक टीम के रूप में आईपीएल में कामयाबी नहीं मिलने के बावजूद टीम प्रबंधन के भरोसे के दम पर कोहली क्रिकेट पर फोकस कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'उन्हें चिंता है तो वह आकर बात कर सकते हैं। उन्हें इसका पूरा अधिकार है और सार्थक बातचीत का हमेशा स्वागत है। कोहली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्रिस मौरिस, आस्ट्रेलिया के वनडे कप्तान आरोन फिंच और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलीप के टीम में रहने से उनका आत्मविश्वास बढा है। आईपीएल इस साल दुबई, शारजाह और अबु धाबी में खेला जाएगा। कोहली ने कहा कि सभी स्थान आसपास होने से खिलाड़ियों के लिए आसानी हो जाएगी। कोहली ने कहा कि सभी स्थान आसपास होने से खिलाड़ियों के लिए आसानी हो जाएगी।

# आईपीएल इतिहास के 5 ऐसे बड़े रिकॉर्ड, जो शायद कभी नहीं टूटेंगे



**स्पोर्ट्स डेस्क।**

कुछ दिन पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने ऐलान किया था कि आईपीएल का ये 13वां सीजन 19 सितंबर से दुंबई में खेला जाएगा। जिसके बाद क्रिकेट फैंस में खुशी की लहर सी छा गई थी। बता दें, इसका फाइनल मुकाबला 10 नवंबर को खेला जाएगा। यानी इस टूर्नामेंट में 51 मैच खेले जाएंगे। लेकिन क्या आपको पता है कि आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर किस खिलाड़ी का है। जी हां, तो चलिए हम आपको विश्व के 5 खिलाड़ियों ने नाम से रूबरू करवाने जा रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे पहले विंडीज टीम के विस्फोटक स्टार खिलाड़ी क्रिस गेल का नाम है। बता दें कि गेल ने साल 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के ख़िलाफ़ 66 गेंदों में 13 चौके और 17 छक्कों की मदद से नाबाद 175 रन की पारी खेली थी। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 265.15 था। वह उस समय रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर यानी विराट कोहली की टीम का हिस्सा थे और इसी दौरान उन्होंने का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था जो तक नहीं टूट पाया है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के दिग्गज धातक बल्लेबाज ब्रेंडन मैकलम का आता है। जहां उन्होंने साल 2008 में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया था। उस मुकाबले में केकेआर की तरफ से खेलते हुए न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैक्कलम ने सिर्फ 73 गेंद पर 158 रनों की जबरदस्त विस्फोटक पारी खेली थी। तीसरे पर है 360 डिग्री के नाम से मशहूर खिलाड़ी एबी डिविलियर्स। जिनका आइपीएल में तीसरा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एबी 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 133 रनों की पारी खेली। डीविलियर्स ने अपनी इस पारी में 59 गेंदों में क्रीज पर बने रहने में 19 चौके और 4 छक्के जड़े। साल 2016 में एबी डीविलियर्स और विराट कोहली ने एक साथ बल्लेबाजी करते हुए अपना पिछले साल का रिकॉर्ड और ज्यादा बेहतर किया। दोनों ने मिलकर 229 रनों की साझेदारी की, विरोधी टीम थी गुजरात लॉयंस। डीविलियर्स ने इस मैच में 129 रनों की पारी खेली। कोहली ने भी उस मैच में सेंचुरी जमाई थी और 109 रनों की पारी खेली थी। क्रिस गेल का बल्ला आईपीएल में जमकर बोलता है। हालांकि आईपीएल इतिहास में छह सेंचुरी जमाने वाले गेल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर 128 रन है। उन्होंने ये पारी 62 गेंदों में खेली थी। क्रिस गेल का बल्ला आईपीएल में जमकर बोलता है। हालांकि आईपीएल इतिहास में छह सेंचुरी जमाने वाले गेल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर 128 रन है। उन्होंने ये पारी 62 गेंदों में खेली थी। क्रिस गेल का बल्ला आईपीएल में जमकर बोलता है। हालांकि आईपीएल इतिहास में छह सेंचुरी जमाने वाले गेल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर 128 रन है। उन्होंने ये पारी 62 गेंदों में खेली थी। बतादें, आईपीएल के 5वें सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ आई थी।



## बीएसएफ के महानिदेशक का चार दिवसीय जम्मू दौरा समाप्त

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक राकेश अस्थाना ने सोमवार को जम्मू क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ अग्रिम क्षेत्रों के अपने चार दिवसीय दौरे का समापन किया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा, जम्मू के सीमांत क्षेत्र में महानिदेशक की चार दिवसीय यात्रा बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। झउन्होंने कहा कि चार सितंबर को शुरू हुए दौरे के दौरान महानिदेशक ने जम्मू-सांबा और पुंछ-राजौरी में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के साथ ही बीएसएफ के संपूर्ण संचालन क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अस्थाना ने जवानों के साथ बातचीत की और अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना की।

## पत्नी, दो बेटों और बेटी को मारकर हरियाणा से एमपी भागा, छतरपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** हरियाणा से अपने परिवार की हत्या कर मध्य प्रदेश आकर छिपे आरोपी को पुलिस ने छतरपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा में 530/20 धारा 302 के तहत मामला दर्ज था। एफआईआर के मुताबिक आरोपी तुलसीदास पिता धनीराम अहिरवार निवासी बारी थाना गढ़ी मलहरा जिला छतरपुर के द्वारा अपनी पत्नी, दोनों लड़कों व अपनी लड़की चारों को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया गया था। छतरपुर पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा द्वारा चलाए जा रहे हैं धरपकड़ अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर सौरव के निर्देशन में एस डी ओ पी नौगांव के मार्गदर्शन में निरीक्षक के के खनेजा थाना प्रभारी नौगांव व उनकी टीम के द्वारा नौगांव बस स्टैंड से हिरासत में लिया गया। इसके बाद उसे हरियाणा पुलिस के सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है कि 2 सितंबर 2020 को आरोपी ने अपनी पत्नी, दोनों पुत्रों व पुत्री को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया और खुद घटनास्थल से फरार हो गया था।

## गगनयान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष सूट का रूस में हो रहा निर्माण

**बेंगलुरु।** रूसी अनुसंधान और विकास उद्यम वेजदा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष सूट का निर्माण शुरू कर दिया है जोकि अंतरिक्ष में मानव को भेजने के भारत के प्रथम अभियान 'गगनयान का हिस्सा हो सकते हैं। रूस की एक संस्था ने सोमवार को यह जानकारी दी। ग्लेवकोसमोस ने कहा कि रूस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के लिए व्यक्तिगत उड़ान उपकरण का निर्माण शुरू कर दिया गया है। ग्लेवकोसमोस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दिमित्री लॉस्कुतोव ने कहा कि रूस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अंतरिक्ष यात्री तीन सितंबर को वेजदा आए और अंतरिक्ष सूट के लिए उनकी नाप ली गई।

## देश में अबतक 5 करोड़ कोरोना टेस्टिंग हुईः स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में 7.2 लाख परीक्षण कराए जाने के साथ ही देश में अबतक कोविड-19 की करीब पांच करोड़ जांच कराई गई हैं। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना वायरस जांच में तेजी लाए जाने के बाद केवल पिछले दो सप्ताह में 1,33,33,904 परीक्षण किए गए। मंत्रालय ने कहा, '' भारत उन कुछ देशों में है जहां रोजाना बहुत अधिक जांच हुई। रोजाना परीक्षण क्षमता 11.70 लाख के पार चली गई है। भारत में अबतक कुल परीक्षण करीब पांच करोड़ (4,95,51,507) हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 7,20,362 जांच की गईं। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र की नीतियां वैश्विक संदर्भ में लगातार उभर रही हैं और लोगों के व्यापक परीक्षण के लिए कई कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, ''हाल ही में सरकार ने अद्यतन एवं संशोधित परामर्श जारी किया है जिसमें 'मांग पर जांच की व्यवस्था की गई है। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को जांच के उच्च स्तर के लिए तौर-तरीके आसान करने के लिए व्यापक लचीलापन प्रदान किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि औसत रोजाना परीक्षण अगस्त के तीसरे सप्ताह के करीब सात लाख से बढ़कर सितंबर के पहले सप्ताह में दस लाख हो गए। देश में कोरोना वायरस के मामले 42,04,613 हो गए जबकि अबतक 71,642 लोग इस बीमारी से अपनी जान गंवा बैठे। पिछले 24 घंटे में 1016 मरीजों की जान चली गई।

## जम्मू-कश्मीर में फलों-सब्जियों के मूल्य स्थिरीकरण के लिए केंद्र ने किया ऑपरेशन ग्रीन्स का विस्तार



**श्रीनगर ।** जम्मू और कश्मीर में उत्पादित फल एवं सब्जियों के मूल्य स्थिरीकरण के लिए केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश तक अपनी हस्तक्षेप योजना का विस्तार किया है। इस ऑपरेशन ग्रीन्स योजना से किसानों को दबाव में आकर औने-पौने दाम पर बिकवाली करने से रोकने में सहायता मिलेगी। जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को एक ट्वीट में कहा, त्मानिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने सभी अधिसूचित फल और सब्जियों को ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के तहत मूल्य स्थिरीकरण हस्तक्षेप नीति के दायरे में लाने की घोषणा की। यह पहल फल और सब्जियां उगाने वाले किसानों को बाजार दबाव में आकर बिकवाली करने से बचाने में सहयोग करेगी। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल के आदेश के अनुसार, अगर फसल की कीमत पिछले तीन वर्षों के औसत से नीचे आती है या पिछले वर्ष की कीमत के 15 प्रतिशत से नीचे जाती है तो लागत या तीन महीने तक उपज के भंडारण की लागत का 50 प्रतिशत भाग का वहन करेगा। ऐसी स्थिति में मंत्रालय फसल उत्पादन केंद्रों से लेकर उपभोग केंद्रों तक परिवहन लागत या तीन महीने तक उपज के भंडारण की लागत का 50 प्रतिशत भाग का वहन करेगा। जम्मू और कश्मीर में इस योजना के तहत आने वाले फलों और सब्जियों में सेब, नाशपाती, बादाम, शिमला मिर्च, गाजर, खीरा, भिंडी, संतरा, कीनू और नींबू शामिल हैं।

# बीजेपी के पोस्टर में सिंधिया की जगह को देख रामनिवास रावत बोले- 56 टिकली में श्रीमंत सिंधिया!

**भोपाल।**

कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया इन दिनों कांग्रेस नेताओं के निशाने पर हैं। बीजेपी के एक पोस्टर का हवाला देते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत ने राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसा है। पोस्टर पर सिंधिया को काफी छोटे आकार में दिखाया गया है और उन्हें मध्य प्रदेश के स्थानीय नेताओं के बीच जगह दी गई है। रामनिवास रावत ने ट्वीट करते हुए लिखा है, 56 टिकली में श्रीमंत सिंधिया। बड़ा दुख होता है इस तरह अपने प्रिय नेता को सम्मानित होते हुए देखकर। पोस्टर पर सिंधिया को उमा भारती, कैलाश विजयवर्गीय और प्रभात झा के साथ जगह दी गई है जबकि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिखाया गया है। इससे पहले भी रामनिवास रावत ने कहा था कि आर एस एस अनुसूचित जाति विरोधी है और सिंधिया ने उसके मुख्यालय नागपुर जाकर उनकी नीतियों को अपना लिया। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि सिंधिया के ग्वालियर स्थित निवास(महल) में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पहुंच नहीं है। आपको बता दें कि सिंधिया रामनिवास रावत के बेहद करीबी माने जाते थे और सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने के बाद कयास लगाए जाने लगे थे कि रावत भी बीजेपी में शामिल हो जाएंगे। लेकिन रावत ने पार्टी के प्रति इमानदारी निभाई। लेकिन रावत ने पार्टी के प्रति इमानदारी निभाई। वहीं दूसरी और कुछ महीने पहले ही कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए सिंधिया पर कांग्रेस नेता निशाने साध रहे हैं। क्योंकि सिंधिया ने कांग्रेस पर अपेक्षा का आरोप लगाते हुए बीजेपी ज्वाइंन की थी। हालांकि इन कुछ महीनों



में सिंधिया का मध्य प्रदेश राजनीति में राज्य से लेकर केंद्र तक कद बढ़ा है। लेकिन कांग्रेस नेता लगातार हमलावर रहे हैं।

## शिवसेना की कंगना रनौत के खिलाफ शिकायत, देशद्रोह का केस दर्ज करने की मांग



**नेशनल डेस्क।** मुंबई की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से करने वाले बयान को लेकर अभिनेत्री कंगना रनौत की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शिवसेना आईटी सेल ने मांग की है कि कंगना रनौत के खिलाफ राजद्रोह का मुकद्दमा दर्ज किया जाए। वहीं मुंबई पुलिस के एक पूर्व अधिकारी ने भी कंगना रनौत को नोटिस भेज माफी मांगने को कहा है। उन्होंने अपने नोटिस में कहा कि कंगना ने मुंबई पुलिस के बारे में जो बयान दिया है वह अपमानजनक है और इसलिए कंगना माफी मांगें। शिवसेना की आईटी सेल ने ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में कंगना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में शिवसेना आईटी सेल ने मांग की है कि मुंबई की तुलना पाकिस्तान वाले कश्मीर से करने के लिए कंगना के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज कर एफआईआर की जाए। बता दें कि सुशांत सुसाइड केस में ड्रग का एंगल आने के बाद कंगना ने बॉलीवुड के कई राज खोले थे साथ ही मुंबई पुलिस पर निशाना साधा था। इसके बाद से ही शिवसेना नेता संजय राउत और कंगना के बीच तीखी बयान बाजी जारी है। राउत ने कंगना को हरामखोर लड़की तक बोल दिया था जिसके बाद से काफी बवाल हो रहा है। वहीं राउत ने धमकी भी दी थी कि जिनको मुंबई में असुरक्षा महसूस हो रही है । वो यहां वापिस न आए। कंगना को सोमवार को केंद्र की तरफ से ङ्ख सुरक्षा दी गई है। कंगना 9 सितम्बर को मुंबई आने वाली है। ङ्ख कैटिगरी की सुरक्षा व्यवस्था के तहत कंगना की सुरक्षा में 11 सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं।

# विश्व में कोरोना से 8.92 लाख से ज्यादा मौतें, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जारी की नई चेतावनी

**इंटरनेशनल डेस्क।**

कोरोना वायरस का कहर पूरी दुनिया में जारी है और भारत में अब यह अपना विकराल रूप दिखा रहा है। विश्व में कोरोना वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 2.73 करोड़ से अधिक हो गई है और 8.92 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 2, 73, 42, 332 लोग संक्रमित हुए हैं और 8, 92, 648 लोगों की मौत हुई है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 63, 00, 571 पर पहुंच गई है और अब तक 1, 89 , 208 लोगों की जान जा चुकी है। ब्राजील में अब तक 4,147794 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 126,960 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेब्रेयसस ने सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण आखिरी महामारी नहीं है और दुनिया भर के देशों को भविष्य में आने वाले संकटों को लेकर तैयार रहना होगा। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 75,809 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 4,280,423 हो गया। वहीं इस दौरान 1133 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 72,775 हो गयी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 10,27,334 पहुंच गई हैं तथा 17,818 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 68977 लोग संक्रमित हुए हैं और 29,838 लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 से संक्रमित मामलों में कोलम्बिया ने दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया है और अब छठवें नंबर पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 6,71,848 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 21,615 है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में कोरोना संक्रमितों की संख्या 6,39,362 पर पहुंच गई है तथा इस वायरस से मरने वालों की संख्या 15,004 हो गयी हैं। मेक्सिको में भी कोरोना संक्रमण से हालात खराब है। यहां संक्रमितों की संख्या 6,37,509 हो गई तथा 67,781 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन नए मामलों में वृद्धि के बाद अब नौवें स्थान पर है यहां अब तक करीब 5,25,539 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 29,516 लोगों की मृत्यु हुई है। संक्रमित मामलों में अर्जेंटीना ने चिली को पीछे छोड़ दिया है और अब 10वें नंबर पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 4, 88, 007 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 10, 129 है। चिली में कोरोना से 4,24,274 लोग संक्रमित हो चुके है तथा 11652 लोगों की मौत हुई है। ईरान में अब तक इस महामारी से 3, 88,810 संक्रमित है जबकि 22,410 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना से प्रभावित होने के मामले में फ्रांस ने ब्रिटेन पीछे छोड़ दिया है। यहां इस संक्रमण की चपेट में अब तक 3,67,174 लोग आए हैं तथा 30,732 लोगों की मृत्यु हुई है वहीं ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 41643 लोगों की मौत हुई है। कोरोना संक्रमण मामलों में बंगलादेश सऊदी अरब से आगे निकल गया है और यहां संक्रमितों की संख्या 327359 हो गई है ।

# देश में 24 घंटे में कोरोना वायरस से 1133 लोगों की मौत, सक्रमित मरीजों की संख्या 42 लाख पार

**नेशनल डेस्क।**

देश में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के साथ ही राहत की बात यह है कि इस संक्रमण से मुक्ति पाने वालों की संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है और पहली बार एक दिन में 73 हजार से अधिक लोग स्वस्थ हुए हैं तथा दो दिन तक लगातार संक्रमण के 90 हजार से अधिक मामले सामने आने के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान यह आंकड़ा करीब 15 हजार कम 75,809 रहा। इससे पहले रविवार को देशभर में कोरोना संक्रमण के 90,802 और शनिवार को 90,632 मामले आए थे। संक्रमितों की संख्या 42 लाख से अधिक होने के बाद इस महामारी से प्रभावित देशों की सूची में भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। अमेरिका में संक्रमितों का आंकड़ा अभी 63 लाख से अधिक हो गई है, जबकि तीसरे स्थान पर ब्राजील में यह संख्या 41.48 लाख है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में 73,521 लोगों के संक्रमणमुक्त होने से इस संक्रमण से छुटकारा पाने वालों की संख्या 33,23,951 हो गई है। कोरोना संक्रमण के 75,809 नए मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 42,80,423 हो गया। स्वस्थ होने वालों की तुलना में संक्रमण के नये मामले अधिक होने से सक्रिय मामले 1,155 बढ़कर 8,83,697 हो गए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 1,133 संक्रमितों की मौत होने से मृतकों की संख्या 72,775 हो गई। देश में सक्रिय मामले 20.65 प्रतिशत और रोगमुक्त होने वालों की दर 77.65 प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर 1.70 प्रतिशत है। कोविड-19 से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह 1,084 बढ़कर 2,37,292 हो गई तथा 423 लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 27,027 हो गया। इस दौरान 14,922 लोग संक्रमणमुक्त हुए जिससे स्वस्थ हुए । लोगों की संख्या बढ़कर 6,59,322 हो गई। देश में सर्वाधिक सक्रिय मामले इसी राज्य में हैं। आंध्र प्रदेश में इस दौरान मरीजों की संख्या 1,757 कम होने से सक्रिय मामले 97,932 रह गए। राज्य में अब तक 4487 लोगों की मौत हुई है। वहीं कुल 4,04,074 लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं। दक्षिणी राज्य कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान मरीजों की संख्या में 2,265 की कमी हुई है और यहां अब 97,020 सक्रिय मामले हैं।

## हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग, 50 लाख का सामान जलकर राख हुआ

**साम्बा।** साम्बा शहर के बार्डर मार्ग पर मुख्य चौक के पास रात के समय एक हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे 50 लाख से अधिक का नुक्सान हो गया। वहीं आग लगने के कुछ समय बाद ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई, लेकिन दुकान बड़ी होने के कारण व उसके पीछे भी गौदाम होने के चलते आग पर ज्यादा हो गई व पास की अन्य दुकाने भी इसकी चपेट में आने लगी, वहीं एक घंटे के भीतर ही इस बड़े हार्डवेयर स्टोर में रखा सारा सामान राख हो गया था। बताया जा रहा कि दुकान के अंधर महंगे पेंट का भंडार व कुछ मंहगी मशीनरी भी पड़ी हुई थी जो की आग भी भेंट चढ़ गई। जानकारी अनुसार बार्डर मार्ग पर रवि गुप्ता की हार्डवेयर की दुकान ह जानकारी अनुसार बार्डर मार्ग पर रवि गुप्ता की हार्डवेयर की दुकान है और नियमों के अनुसार पांच बजे बंद करके घर चले गए और शाम के समय दुकाने के भीतर से धुआं निकलता देख लोगों ने उन्हें सूचित किया, लेकिन तब तक आग भयानक हो गई थी और सारा सामान जल गया।

## भारत ने कभी पार नहीं की एलएएसी, चीन कर रहा उकसावे की कार्रवाईः भारतीय सेना

**नयी दिल्ली।**

भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में सैन्य उकसावे के चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) के आरोपों को मंगलवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उसने कभी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पार नहीं की या गोलीबारी समेत किसी आक्रामक तरीके का इस्तेमाल नहीं किया। पीएलए ने सोमवार देर रात को आरोप लगाया था कि भारतीय सैनिकों ने एलएसी पार की और पूर्वी लद्दाख में पेगोंग झील के पास चेतावनी देने के लिए च्ख्खराब तरीके से गोलियां चलाईं।÷ एक बयान में, भारतीय सेना ने कहा कि यह पीएलए है जो समझौतों का खुलेआम उल्लंघन कर रही है और आक्रामक युक्तियां अपना रही है जबकि सैन्य, कूटनीतिक एवं राजनीतिक स्तर पर बातचीत जारी है। सेना ने कहा, सितंबर के ताजा मामले में, पीएलए के सैनिकों ने एलएसी के पास हमारे एक अग्रिम ठिकाने तक आने की कोशिश की और जब हमारे सैनिकों ने उन्हें रोका तो उन्होंने भारतीय सैनिकों को डराने के प्रयास में हवा में कुछ राउंड गोलियां चलाईं। उसने कहा कि गंभीर उकसावे के बावजूद, भारतीय सैनिकों ने अत्यंत संयम बरता और परिपक्व एवं जिम्मेदार तरीके से व्यवहार किया। हमारे सैनिकों ने उन्हें रोका तो उन्होंने भारतीय सैनिकों को डराने के प्रयास में हवा में कुछ राउंड गोलियां चलाईं। उसने कहा कि गंभीर उकसावे के बावजूद, भारतीय सैनिकों ने अत्यंत संयम बरता और परिपक्व एवं जिम्मेदार तरीके से व्यवहार किया। सेना ने कहा, च्भारतीय सेना ने कभी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पार नहीं की या गोलीबारी समेत किसी आक्रामक तरीके का इस्तेमाल नहीं किया। सेना ने पीएलए के च्वेस्टर्न थियेटर कमांडज् के बयान को उनके अपने लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने की कोशिश करार दी। सेना ने कहा, भारतीय सेना शांति एवं सौहार्द्र बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं बहरहाल, वह राष्ट्रीय संप्रभुता एवं पीएलए के आरोप लगाया कि भारतीय सैनिकों ने अवैध रूप से एलएसी पार की और बात करने के इच्छुक चीनी सीमा पर गश्त रहे । सैनिकों पर खराब ढंग से चेतावनी देने के लहजे में गोलियां चलाईं। उन्होंने इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी दिए बिना कहा कि चीनी सैनिकों को स्थिति को स्थिर करने के लिए मजबूरन जवाबी कदम उठाने पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय सैनिकों ने पेगोंग झील के दक्षिणी किनारे के पार शेनपाओ पर्वतीय क्षेत्र में चीन-भारत सीमा के पश्चिमी भाग पर एलएसी पार की। भारतीय सैनिकों ने पेगोंग झील के दक्षिणी किनारे के पार शेनपाओ पर्वतीय क्षेत्र में चीन-भारत सीमा के पश्चिमी भाग पर एलएसी पार की।

# सैनिटाइजेशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, अब कोई नहीं कर पाएगा जबरदस्ती

**नेशनल डेस्क।**

कोरोना महामारी ने जैसे ही भारत में दस्तक दी थी तभी से कई कंपनियों और कई जगह लोगों को संक्रमण से मुक्त करने के लिए सेनेटाइज टनल लगाई गई थी। वहीं सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इन टनल के इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह मानव शरीर के लिए अच्छी नहीं हैं, इसलिए इनके इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। दरअसल सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र से सवाल किया कि कोरोना के दौरान रोगाणुओं से मुक्त करने वाले रासायन का लोगों पर छिड़काव हानिकारक होने के बावजूद अभी तक इसके प्रयोग पर रोक क्यों नहीं लगाई है। जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस आर सुभाष रेड्डी और जस्टिस एम आर शाह की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सूचित किया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के रोगाणुओं से मुक्त करने के मनुष्य पर पारगामी किरणों के इस्तेमाल के बारे में किसी प्रकार की सलाह या दिशानिर्देश जारी नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि रोगाणुओं से मुक्त करने के लिए किसी भी प्रकार के रासायनिक मिश्रण का छिड़काव भी मनुष्य के शरीर और मनोदशा के लिए हानिकारक है। पीठ ने इस पर सालिसीटर जनरल से जानना चाहा कि अगर रोगाणुओं से मुक्त करने के लिए यह इतने नुकसान देह है तो इन पर बैन क्यों नहीं लगाया गया। इस पर मेहता ने कहा कि इस संबंध में उचित निर्देश जारी कर दिए गए हैं 9 जून को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति की बैठक में इस बात को दोहराया गया था कि दरवाजे-चौखट या फिर पूरा एक रूम रसायन का छिड़काव के लिए तैयार करना और उसमें से लोगों पर रासायन का छिड़काव उपयोगी नहीं है ।



यह संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने या संक्रमण की छोटी-छोटी बूंदे वायरस फैसले से नहीं रोकती है। समिति ने यह भी कहा था कि के वायरस या अन्य प्रकार के संक्रमणों पर अंकुश पाने के लिए सड़कों या बाजार या खुले स्थानों पर इस तरह का छिड़काव या रासायनिक धुआं छोड़ने के तरीके अपनाने की भी सिफारिश नहीं की है। बता दें कि विशेषज्ञों ने भी अपने अध्ययन में यह बात कही थी कि इन डिसइंफेक्शन टनल्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल निर्जीव चीजों पर तो वायरस को खत्म कर देते हैं । लेकिन सजीव शरीर पर इसका नुकसान ज्यादा होता है।

## बीजेपी को बड़ा झटका, सतीश सिंह सिकरवार ने थामा हाथ

**भोपाल।**



विधानसभा उपचुनाव से पहले बीजेपी को एक बड़ा झटका लगा है। सुमावली विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार के बड़े भाई डॉ सतीश सिंह सिकरवार कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। आपको बता दें कि सतीश सिंह सिकरवार पिछले चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी मुन्नालाल गोयल से चुनाव हरे थे। कांग्रेस में आने के बाद वे ग्वालियर पूर्व विधानसभा से उप चुनाव लड़ सकते हैं। ग्वालियर में दबंग और ठोस नेता की छवि के कारण वोटरों की संख्या ज्यादा है। पूर्व में भी कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें थी लेकिन सिंधिया के कांग्रेस में होने के कारण वह नहीं गए थे। अब जब ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में है तो एक विरोध जाहिर करने के लिए भी उनका कांग्रेस में जाना ग्वालियर शहर में चर्चा का विषय है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# नीरव मोदी प्रत्यर्पण मामला : ब्रिटिश अदालत को दिखाया गया आर्थर रोड जेल का नया वीडियो



**लंदन।**

नीरव मोदी के प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई कर रही ब्रिटेन की एक अदालत ने सोमवार को मुंबई की आर्थर रोड जेल के एक नए वीडियो की समीक्षा की। भारत सरकार द्वारा लगाए गए धनशोधन और धोखाधड़ी के आरोपों में अगर भगोड़े हीरा कारोबारी का प्रत्यर्पण होता है तो उसे उसी जेल में रखा जाएगा। पंजाब नेशनल बैंक के साथ करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर घोटाला मामले में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने अदालत को वीडियो दिखाया और जेल में कोरोना वायरस परीक्षण तथा अन्य सुरक्षा उपायों के संबंध में कुछ जानकारी दी। यह वीडियो 2018 में किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या के खिलाफ प्रत्यर्पण मामले में तैयार किए गए वीडियो जैसा ही था। माल्या को भी बैरक 12 में ही रखा जाना है। भारत सरकार के वीडियो के अनुसार उस बैरक में बहुचर्चित अपराधियों को रखा जाता है। माल्या अभी जमानत पर हैं। प्रत्यर्पण के खिलाफ माल्या की अंतिम अपील मई में खारिज हो गई थी। ब्रिटिश गृह मंत्रालय ने संकेत दिया था कि कानूनी मामले में कुछ मुद्दे लंबित हैं। बैरिस्टर हेलेन मैल्कम ने सोमवार को लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत को बताया कि वीडियो से साबित होता है कि जेल की स्थितियों में मानवाधिकार संबंधी यूरोपीय संधि के तहत ब्रिटेन के दायित्वों के उल्लंघन का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने न्यायमूर्ति सैमुअल गूजी से कहा कि बैरक 12 का अपडेट वीडियो उचित लगा। सोमवार को पांच दिवसीय सुनवाई का पहला दिन था और यह शुक्रवार तक चलेगी। इस मामले में फैसला इस वर्ष के अंत तक आने की संभावना है।

# खुशखबरीः रूस में कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक वी का पहला बैच नागरिकों के लिए जारी

**इंटरनेशनल डेस्क।**

कोरोना वायरस संकट से जूझ रही दुनिया के लिए रूस से राहत की खबर आई है। रूस ने अपने कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक ङ्क का पहला बैच अपनेनागरिकों के लिए जारी कर दिया है। यह जानकारी रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय ने देते हुए कहा कि जल्द ही इसे क्षेत्रीय डिलीवरी की योजना है। इस वैक्सीन को गैमलेया नेशनल रिसर्च सेंटर ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी और रूसी डायरेक्ट इनवेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) द्वारा विकसित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, चिकित्सा नियामक रोजज़्रवनादज़ोर की प्रयोगशालाओं में गुणवत्ता परीक्षण पास करने के बाद को सिविल सर्कुलेशन के लिए जारी किया गया है। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय ने 11 अगस्त को कोविड -19 के वैक्सीन को रजिस्टर्ड किया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद इसका ऐलान करते हुए कहा कि उनके देश ने कोरोना वायरस की पहली वैक्सीन बना ली है। उन्होंने यह भी बताया था कि उनकी बेटी को भी यह टीका लगाया गया है। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने रविवार को उम्मीद जताई कि रूसी राजधानी के अधिकांश निवासियों को कुछ महीनों के भीतर कोरोना वायरस का टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य हिस्सो में भी वैक्सीन के पहले बैच की सप्लाई जल्द ही करने की योजना है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश के अन्य हिस्सो में भी वैक्सीन के पहले बैच की सप्लाई जल्द ही करने की योजना है। बता दें कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण से दुनियाभर में हुई कुल मौतों का आंकड़ा सोमवार को 890000 को पार कर गया। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 890064 हो गई है जबकि इस महामारी से संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 2,72,17,700 पहुंच गया है।

# कैलिफोर्निया जंगलों में आग से तबाही के लिए बच्चों का लिंग बताने वाला यंत्र जिम्मेदार

**लॉस एंजिलिस।**

अमेरिका में कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग के लिए बच्चों का लिंग बताने के यंत्र को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। आग ने भारी तबाही मचायी है और हजारों एकड़ जमीन इसकी चपेट में आ चुकी है। यह आग शनिवार सुबह एल रैंच डोरैडो पार्क से शुरू हुई थी। कैलिफोर्निया के वन्य एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के कैप्टन बेनेट मिलॉय ने बताया कि एक दम्पति, जिनकी पहचान नहीं हो पाई है, ने अपने होने वाले बच्चे के बारे में जानना चाहा था कि वह लड़का होगा या लड़की। इस दम्पति ने इसकी जानकारी देने के लिए यह स्थान चुना था। दम्पति अपने बच्चों, दोस्त और रिश्तेदारों साथ यहां पहुंचा था। मिलॉय ने बताया कि परिवार में खेत पहुंचा और वहां यंत्र को उछाला। इससे घास के चार फीट ऊंचे ढेर में आग लग गई। अधिक तापमान, कम आर्द्रता, शुष्क वनस्पति और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई। टोही वीडियो में दम्पत्ति पानी की बोतल से आग बुझाता दिख रहा हैं लेकिन ऐसा कर पाने में असमर्थ रहने पर उन्होंने आपात नंबर 911 पर फोन किया। मिलॉय ने कहा, '' आप पानी की बोतल से आग नहीं बुझा सकते। आग लगने के बाद उसे रोकना आसान नहीं होता। मिलॉय ने बताया कि दकमल कर्मी कुछ मिनट में ही मौके पर पहुंच गए और घबराए दम्पत्ति ने उन्हें घटना के बारे में बताया। उन्होंने जांच के लिए मौके पर ली गई तस्वीरें और वीडियो भी कर्मियों को दी। उन्होंने कहा, '' यह काफी दुखद स्थिति है। यह एक अच्छा पल होना था। दम्पत्ति को आग लगने से हुए नुकसान के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अमेरिकी वन सेवा के मुताबिक इस साल कैलिफोर्निया में 20 लाख एकड़ में फैले जंगल आग की भेंट चढ़ गए है।

# अमेरिका में अश्वेत नागरिक प्रुड की मौत के खिलाफ निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन

**न्यूयार्क।**

अमेरिका में रोचेस्टर पुलिस मुख्यालय के सामने प्रदर्शनकारियों ने 'स्पिट हुड (थूक के छींटों से बचने के लिए नकाब) छोड़ पूरी तरह से निर्वस्त्र होकर डेनियल प्रुड की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किया। स्थानीय मीडिया में आई तस्वीरों और वीडियो में करीब आधे दर्जन लोग निर्वस्त्र होकर या न्यूनतम कपड़े पहनकर प्रदर्शन करते दिख रहे थे। कुछ ने अपनी पीठ पर 'ब्लैक लाइव्स मैटर के नारे लिखे थे। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार सुबह शहर की जन सुरक्षा इमारत के सामने बारिश से गीली सड़क पर बैठककर मूक प्रदर्शन किया। 'दि डेमोक्रेटिक ऐंड क्रोनिकल की खबर के मुताबिक कुछ समय बाद प्रदर्शनकारियों को कंबल दिया गया और कार से उन्हें उनके स्थानों पर छोड़ दिया गया। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्वीट किया कि रोचेस्टर उन शहरों में शामिल हैं जहां पिछली कुछ रातें खराब गुजरी हैं। उल्लेखीय है कि 41 वर्ष के काले व्यक्ति प्रुड की 23 मार्च को मौत हो गई थी। पुलिस ने थूकने से रोकने के लिए उसके सिर पर हूड डाल दिया था और उसे करीब दो मिनट तक दबाए रखा जबतक की उसकी सांस नहीं रुक गई। करीब एक हफ्ते तक जीवनरक्षक प्रणाली पर रखने के बाद उसकी मौत हो गई थी।



## संक्षिप्त समाचार



### जबरन निगरानी में रखे ऑस्ट्रेलिया के आखिरी 2 पत्रकारों ने भी छोड़ा चीन

**सिडनी।** चीन में आस्ट्रेलियाई मीडिया के लिए काम कर रहे आखिरी दो पत्रकारों को पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा तलब किए जाने के बाद दोनों ने देश छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कोर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खबर के अनुसार चीन में जबरन निगरानी में रखे 'एबीसी के बिल बिरटल्स और 'ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू के माइकल स्मिथ सिडनी पहुंच गए हैं। दोनों सोमवार की रात शंघाई से रवाना हुए थे। खबर के अनुसार दोनों ने पिछले कुछ दिनों से ऑस्ट्रेलियाई दूतावास परिसर में शरण ले रखी थी। चीनी पुलिस पिछले सप्ताह ब्रिटल्स के घर पहुंच कर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था और कहा था कि वह देश छोड़कर नहीं जा सकते। ऑस्ट्रेलियाई और चीनी अधिकारियों ने बातचीत कर यह तय किया था कि ब्रिटल्स के पुलिस से बातचीत करने के बाद यात्रा प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। ये पत्रकार ऐसे समय में वापस लौटे हैं, जब पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया ने बताया था कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक एवं 'सीजीटीएन के एंकर चेंग ली को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके, सुनामी की चेतावनी नहीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मलूकू प्रांत में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। केंद्र के मुताबिक भूकंप ग्रीनविच मीन टाइम के अनुसार रात 12 बजकर 45 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र सेंट्रल मलूकू से 198 किलोमीटर दूर और 193 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। फिलहाल सुनामी को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

### पाकिस्तान में मार्बल की खदान ढहने से 10 मजदूरों की मौत



**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में सोमवार को भूस्खलन से मार्बल की एक खदान ढह गई जिससे उसमें काम कर रहे कम से कम 10 मजदूरों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना खैबर पख्तूनख्वा के मोहमंद जिले में हुई जहां मजदूर खुदाई कर रहे थे। बचाव दल के अधिकारी खतीर अहमद ने कहा, घटना में 10 मजदूरों की मौत हो गई और उनके शव को मार्बल की खदान के मलबे से निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कई देशों में सैन्य अड्डे बनाने की योजना बना रहा चीन, पेंटागन की इस रिपोर्ट से बढ़ सकती है भारत की चिंता

**वाशिंगटन।** भारत के तीन पड़ोसी देशों समेत करीब एक दर्जन देशों में चीन मजबूत ठिकाना स्थापित करने का प्रयास कर रहा है ताकि उसकी पीएलए लंबी दूरी तक अपना सैन्य दबदबा बनाये रख सके। पेंटागन की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। पेंटागन ने मंगलवार को इस रिपोर्ट में दावा किया कि भारत के तीन पड़ोसी देशों--पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यामां के अलावा चीन थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, केन्या, सेशल्स, तंजानिया, अंगोला और तजाकिस्तान में अपने सैन्य ठिकाने बनाने पर विचार कर रहा है। पेंटागन ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलप्मेंटस इंवॉल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) 2020 में यह जानकारी दी। उसने यह रिपोर्ट मंगलवार को अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी थी। पेंटागन ने कहा कि चीन के ये संभावित चीनी ठिकाने जिबूती में चीनी सैन्य अड्डे के अतिरिक्त हैं, जिसका उद्देश्य नौसेना, वायु सेना और जमीनी बल की कार्यों को और मजबूती प्रदान करना है। पेंटागन ने रिपोर्ट में कहा, '' वैश्विक पीएलए (पीपल्स लिबरेशन आर्मी) के सैन्य अड्डों का नेटवर्क अमेरिकी सैन्य अभियानों में हस्तक्षेप कर सकता है और पीआरसी के वैश्विक सैन्य उद्देश्यों के तहत अमेरिका के खिलाफ आक्रामक अभियानों में सहयोग पहुंचा सकता है। उसने कहा कि चीन ने संभवतः पहले ही नामीबिया, वनुआटू और सोलोमन द्वीपों पर अपना कब्जा जमा लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएलए की योजना के अनुसार उसके लिए ज्ञात संभावित महत्वपूर्ण क्षेत्र चीन से लेकर होर्मुज की खाड़ी, अफ्रीका और प्रशांत द्वीपों तक गुजरने वाले उसके समुद्री मार्ग से सटे हुए हैं। पेंटागन ने कहा कि बीजिंग अपने विकास के लिए ।

# हांगकांग में चुनाव टल जाने पर जोरदार प्रदर्शन, पुलिस ने 289 लोगों को किया गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग की विधायिका के लिए चुनाव स्थगित करने के सरकार के निर्णय के खिलाफ रविवार को हुए प्रदर्शन के दौरान 289 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। चुनाव रविवार को ही होना था, लेकिन मुख्य कार्यकारी कैरी लैम ने 31 जुलाई को इसे एक साल के लिए स्थगित कर दिया था। लैम ने चुनाव टालने के लिए कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि को कारण बताया लेकिन आलोचकों का कहना है कि उनकी सरकार इस बात से चिंतित थी कि यदि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव हुआ तो विपक्ष की सीटें बढ़ जाएंगी। पुलिस ने कहा कि 289 लोगों को गिरफतार किया गया है, जिनमें से अधिकतर को गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस विभाग ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि आजादी के नारे लगाने और हमला करने के आरोप में एक महिला को यव मा तेई क्षेत्र के कॉव्लून जिले में गिरफ्तार किया गया। इसमें कहा गया कि नए लागू हुए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत ऐसे नारे लगाना गैर कानूनी है।

# आंतकी लादेन की भतीजी कर रही ट्रंप को सपोर्ट, बोली-डोनाल्ड हारे तो फिर होगा 9/11 जैसा हमला!

**लॉस एंजलिस।**

कोरोना वायरस महासंकट के बीच अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 3 नवंबर को होने वालेइन चुनाव को लेकर सभी उम्मीदवार वोटरों को रिझाने के लिए हर हथकंडा अपना रहा है। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप को एक ऐसी महिला का समर्थन मिला जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को समर्थन देते हुए ओसामा बिन लादेन की भतीजी ने बड़ा दावा कर दिया है। गौरतलब है राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडेन राष्ट्रपति पद और हैरिस उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति पद के लिए माइक पेंस उम्मीदवार होंगे। अलकायदा प्रमुख और दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकवादी ओसामा बिन लादेन की भतीजी नूर बिन लादिन ने दावा किया है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव हार गए तो अमेरिका में एक बार फिर से 9/11 जैसा हमला हो सकता है। नूर ने ट्रंप के समर्थन में कहा कि अमेरिका की सुरक्षा सिर्फ और सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप ही कर सकते हैं। नूर बिन लादिन ने एक इंटरव्यू में कहा, अमेरिका को वामपंथी सरकार की जरूरत नहीं है, जो बाइडेन की सरकार आएगी तो नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा मिलेगा। वह अमेरिका की सुरक्षा नहीं कर पाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ही सही व्यक्ति हैं।

2015 से ट्रंप की समर्थक रहीं ओसामा की भतीजी नूर ने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए अपने पहले इंटरव्यू में दावा किया है कि अमेरिका में वामपंथियों ने खुद को कट्टरपंथ के साथ जोड़ लिया है। नूर ने कहा ट्रंप आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, ट्रंप की लीडरशिप अमेरिकियों को विदेशी खतरों से बचाती है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा, उनका दोबारा राष्ट्रपति बनना न केवल अमेरिका, बल्कि पश्चिमी सभ्यता के भविष्य के लिए भी अनिवार्य है। नूर बिन लादिन ओसामा के बड़े भाई यसलाम बिन लादेन की बेटी हैं।

# एलएसी पर फायरिंग से छटपटाया चीन, ग्लोबल टाइम्स ने भारत को खुलेआम दी धमकी

**बीजिंग।**

सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग सो झील के दक्षिणी किनारे पर दोनों देशों के बीच हालात बेहद गंभीर होते जा रहे हैं। चीन के सरकारी प्रोपैगैंडा अखबार ग्लोबल टाइम्स ने चीनी सेना के वेस्टर्न थियेटर कमांड के प्रवक्ता के हवाले से पैंगोग सो के पास झड़प का दावा किया है। चीन के पश्चिमी थिएटर कमांड ने आरोप लगाया है कि 7 सितंबर को उसके सैनिक बातचीत के लिए गए थे और वहां उन पर भारतीय सैनिकों ने गोलीबारी की। चीन का आरोप अगर सच है तो करीब 45 साल बाद यह पहला मौका है जब दोनों ही देशों के बीच गोली चली है। इस तथाकथित गोलीबारी के बाद चीन बौखलाया हुआ है और ग्लोबल टाइम्स ने एक बार फिर भारत को खुलेआम धमकी दे दी है। ग्लोबल टाइम्स ने अपने ट्वीट में लिखा चीन भारत के साथ सीमा पर युद्ध नहीं चाहता। लेकिन अगर भारतीय पक्ष चीन की सद्भावना की गलत व्याख्या करता है और चेतावनी शॉट्स के साथ को रोकना चाहता है, तो उसे इसका जवाब जरूर मिलेगा और चीन युद्ध करने से भी गुरेज नहीं करेगा। उधर, भारतीय सूत्रों का कहना है कि चीन के सैनिक मुखपारी चोटी पर कब्जा करने के लिए गलवान जैसी हिंसा दोहराना चाहते थे और भारतीय सैनिकों को बचाव में हवा में गोली चलानी पड़ी। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, भारतीय सेना ने पैंगोंग सो झील के दक्षिणी छोर के पास शेनपाओ की पहाड़ी पर एलएसी को पार किया। भारतीय जवानों ने बातचीत की कोशिश कर रहे पीएलए के बॉर्डर पट्रोल से जुड़े सैनिकों पर वार्निंग शॉट फायर किए जिसके बाद चीनी सैनिकों को हालात काबू में करने के लिए कदम उठाने पड़े। वेस्टर्न थियेटर कमांडर के प्रवक्ता झांग शुई ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा, भारतीय पक्ष ने द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन किया है। इससे क्षेत्र में तनाव और गलतफहमी बढ़ेंगे। यह एक गंभीर सैन्य उकसावा है। झांग ने आगे कहा, हम भारतीय पक्ष से मांग करते हैं कि खतरनाक कदमों को रोके और फायरिंग करने वाले शख्स को सजा दे। साथ ही भारत यह सुनिश्चित करे कि ऐसी घटनाएं दोबारा ना हों। पीएलए के वेस्टर्न कामांड के सैनिक अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और राष्ट्र की क्षेत्रीय संप्रभुता की रक्षा करेंगे। भारतीय सेना के जवानों ने चूसूल सेक्टर में 29/30 अगस्त को पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे से लेकर रिचिन ला तक सभी ऊंचाई वाली जगहों पर कब्जा कर लिया है। यह वही जगह है जहां पर वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच जंग हुई थी। भारतीय जवानों ने जिन इलाकों पर कब्जा किया है, उसे ग्रे जोन कहा जाता है और इस पर दोनों ही देश अपना दावा करते हैं।

इससे चीन बुरी तरह से बौखला गया है। दरअसल, भारत के सैनिक अब चीन के बेहद अहम मोल्डो सैन्य बेस और स्पांगुर झील पर पूरी तरह से नजर रखने की स्थिति में आ गए हैं।

# पाकिस्तान में 15 सितंबर से चरणबद्ध तरीके से खुलेंगे स्कूल और कॉलेज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 15 सितंबर से स्कूल और कॉलेज चरणबद्ध तरीके से दोबारा खुलेंगे। सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के दैनिक मामलों में कमी के बीच सोमवार को यह घोषणा की। यह फैसला शिक्षा एवं पेशेवर प्रशिक्षण मंत्री शफ्कत महमूद की अध्यक्षता में अंतर प्रांतीय शिक्षा मंत्री सम्मेलन (आईपीईएमसी) में लिया गया। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महमूद ने बताया कि पहले चरण में सभी उच्च स्कूल, उच्च माध्यमिक स्कूल, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और पेशेवर महाविद्यालयों को सुहब नौ बजे से 12 बजे तक कक्षाएं चलाने के लिए खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में छठी से आठवीं तक की कक्षाएं 23 सितंबर से स्थिति की समीक्षा करने के बाद खोली जाएंगी। अंतिम चरण में 30 सितंबर से प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई शुरू होगी। महमूद ने कहा, ''अगर हालात ठीक रहते हैं तो हम इन संस्थानों को 15 दिनों में खोल देंगे। शिक्षण संस्थानों को खोलने को बड़ा फैसला करार देते हुए मंत्री ने कहा कि इसे लेने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण किया और साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात का अध्ययन किया। गौरतलब है कि पाकिस्तान में अब तक कोविड-19 के 2,98,903 मरीज सामने आ चुके हैं जिनमें से 394 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि गत 24 घंटे में हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के मुताबिक इस अवधि में तीन और लोगों की मौत कोरोना वायरस की वजह से हुई जिन्हें मिला कर अब तक पाकिस्तान में कोविड-19 से 6,345 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय के मुताबिक अब तक पाकिस्तान में 2,86,016 लोग ठीक हो चुके हैं जबकि 534 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# पाकिस्तान को बड़ा झटकाः अमेरिका-भारत और सऊदी हुए एक, इमरान को अब सिर्फ चीन का सहारा

**इस्लामाबाद।**

चीन के उकसावे में अपनी हदों को तोड़ रहा पाकिस्तान अब नई मुसीबत में फंस सकता है। चीन को खुश करने के चक्कर में पाकिस्तान के पड़ोसी देशों के अलावा अमेरिका जैसे देश से संबंध भी बिगड़ चुके हैं। यही वजह है कि सऊदी अरब से झटका मिलने के बाद अमेरिका ने भी पाकिस्तान से किनारा करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के पास अब उसे कर्जे से उबारने के लिए एक ही दोस्त बचा है चीन। जानकारों के मुताबिक दुनिया के तेजी से बदलते समीकरण में जहां अमेरिका, भारत और सऊदी अरब एक पाले में आ गए हैं, वहीं पाकिस्तान अमेरिका से दूर और चीन के करीब होता गया है। हालांकि पाकिस्तान को चीन से उतनी मदद नहीं मिल पा रही है जितनी अमेरिका से मिलती थी। पाकिस्तान की रक्षा मामलों की विश्लेषक और दक्षिण एशिया मामलों की जानकार आयशा सिद्दीका ने एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका के साथ संबंधों में आई गिरावट के बाद पाकिस्तान के लिए अब चीन ही एकमात्र सहारा बचा है, जो उसे आर्थिक के साथ अन्य क्षेत्रों में मदद दे सकता है। सिद्दीका ने कहा अब जहां अमेरिका, भारत और सऊदी अरब का एक संगठन बनता नजर आ रहा है जो इमरान खान सरकार पर भारी पड़ सकता है वहीं पाकिस्तान को मजबूरन चीन, रूस और ईरान का साथ देना होगा। बता दें कि बीते कुछ महीनों में अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में भी भारी बदलाव आया है। अमेरिका और तालिबान के बीच हुए समझौते में पाकिस्तान की महत्वपूर्ण भूमिका रही लेकिन अब यह कोई नहीं कह सकता कि पाकिस्तान को अमेरिका से आर्थिक सहायता मिलेगी। सिद्दीका ने कहा, पाकिस्तान की विदेश नीति पर जब बहस होती है तो हम तालिबान के समर्थन और ओसामा बिन लादेन को शरण देने के मसले पर चुप हो जाते हैं। यही कारण है कि अमेरिका से पाकिस्तान के रिश्तों में गिरावट आती चली गई। अमेरिका के साथ संबंधों में आई गिरावट का एक अन्य कारण यह भी है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर पनप रहे आतंकी संगठनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया। इन संगठनों के तार दुनिया भर में फैले आतंकी गुटों से जुड़े पाए गए।

नतीजा यह रहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की छवि बिगड़ती चली गई। आयशा ने कहा, चीन और ईरान के बढ़ते संबंधों का फायदा पाकिस्तान को भी होगा, इसको लेकर शक है. पड़ोसी होने के बावजूद पाकिस्तान और ईरान कुछ मसलों को लेकर एक-दूसरे से दूर हैं।

# बाहुबली विधायक विजय मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज

भदोही (एजेसी)। भदोही जिले की ज्ञानपुर सीट से निषाद पार्टी के विधायक विजय मिश्रा की जमानत अर्जी मंगलवार को जिला एवं सत्र अदालत ने खारिज कर दी। विजय मिश्रा को न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने के बाद उनके वकील ने जमानत के लिए एक अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार की अदालत में दी थी जिस पर आज की तारीख तय थी।

जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश पांडेय ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार ने मिश्रा की तरफ से जमानत की अर्जी पर फैसला सुनाते हुए कहा कि अपराध में अभी विवेचना चल रही है, ऐसे में जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है, लिहाजा इसे खारिज किया जाता है।



विदित हो कि निषाद पार्टी से ज्ञानपुर सीट से विधायक 16 अगस्त से चित्रकूट जेल में बंद है। उनके एक रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी ने कारोबार और संपत्ति हड़पने के आरोप में विधायक उनकी पत्नी राम लली और बेटे विष्णु मिश्रा पर गत चार अगस्त को गोपीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह के मुताबिक राम लली और विष्णु के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी हुआ है और दोनों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की दो टीमें लगी हैं।

# उन्नाव रेप केस में सीबीआई ने तत्कालीन डीएम समेत दो आईपीएस को मामले में लापरवाही बरतने का माना दोषी, कार्रवाई की सिफारिश

लखनऊ (एजेसी)। बहुचर्चित उन्नाव रेप केस की जांच कर रही सीबीआई ने तत्कालीन डीएम समेत दो आईपीएस और एक पीपीएस को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। सीबीआई ने जिनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है उनमें तत्कालीन डीएम अदिति सिंह, दो पूर्व एसपी नेहा पांडेय और पुष्पांजलि सिंह शामिल हैं।

इसके अलावा तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक अष्टभुजा सिंह के खिलाफ भी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

सीबीआई ने चारों अधिकारियों को मामले में लापरवाही बरतने का दोषी माना है। सीबीआई ने चारों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है। याद हो कि सीबीआई ने दुष्कर्म का आरोप



सिद्ध होने पर बांगरमऊ के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जेल भेजा था।

सीबीआई ने यूपी सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस मामले में तत्कालीन डीएम अदिति सिंह, एसपी नेहा पांडेय और पुष्पांजलि व अपर पुलिस अधीक्षक रहे अष्टभुजा प्रसाद सिंह की ओर से भी लापरवाही बरती गई। इसे देखते हुए इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# ग्रेटर नोएडा में दो बिल्डरों की हत्या के पीछे चुनावी रंजिश का शक

नोएडा (एजेसी)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा ली गार्डन हाउसिंग सोसायटी के बाहर अज्ञात लोगों ने दो बिल्डरों विराट उर्फ डाल चंद शर्मा और अरुण त्यागी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को एक बड़ी वजह पता लगी है। जानकारी के अनुसार, मृतक विराट उर्फ डाल चंद शर्मा हरियाणा के फरीदाबाद जिले में छायसा गांव का रहने वाला था। गांव में सरपंच के चुनाव को लेकर रंजिश चल रही थी, जिसमें अब तक 5 लोगों की हत्या हो चुकी है। इससे पहले वर्ष 2011 में विराट के भाई की हत्या कर दी गई थी। भाई की हत्या का बदला लेने के लिए विराट और उसके परिवार के दूसरे सदस्यों ने विरोधी पक्ष के युवक कृष्णा की वर्ष 2017 में मथुरा में हत्या कर दी थी। इस मामले में विराट और विरोधी पक्ष के लोग दोनों हत्याकांड में आजकल जमानत पर बाहर आए हुए थे। इसी पुरानी रंजिश के चलते सोमवार देर रात ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विराट और उसके दोस्त अरुण त्यागी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। तीन लोगों के खिलाफ मिली नामजद शिकायत इस डबल मर्डर केस में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। विराट के जीजा संजय भारद्वाज की ओर से तीन लोगों– निरंजन, सोनू और अभिमन्यु के खिलाफ नामजद शिकायत दी गई है। इनके अलावा कुछ अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। दूसरी ओर अरुण त्यागी के भाई वरुण त्यागी ने भी बिसरख कोतवाली पुलिस को शिकायत देकर एक मुकदमा दर्ज

अभी तक नामजद आरोपियों में से किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। हालांकि, पुलिस ने सोमवार की देर रात दो युवकों को पकड़ा था उनसे पूछताछ की जा रही है। रंजिश से बचने को बदल लिया था नाम विराट उर्फ डाल चंद शर्मा फरीदाबाद जिले के छायसा गांव का निवासी था, जबकि अरुण त्यागी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रोजा याकूबपुर गांव का रहने वाला था। गांव में चल रही रंजिश से बचने के लिए डाल चंद शर्मा ने नाम बदल लिया था और फिलहाल वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी हाउसिंग सोसाइटी में रह रहा था। यहां उसे लोग उसे विराट शर्मा के नाम से जानते थे। सोसाइटी में हुए डबल मर्डर को लेकर स्थानीय निवासियों में बिल्डर और पुलिस के खिलाफ रोष है। मंगलवार की सुबह हाउसिंग सोसायटी के सैकड़ों निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में सिक्योरिटी बेहद खराब है। इस मुद्दे को लेकर कई बार बिल्डर के साथ बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया है। यही वजह है कि सोमवार की रात हमलावरों ने सोसाइटी के भीतर घुसकर दो लोगों की ताबड़तोड़ फायरिंग करके हत्या कर दी है। दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी पुलिस की लचर कार्यप्रणाली और कमजोर सुरक्षा इंतजामों से भी लोग नाराज हैं।

लोगों का कहना है कि पुलिस कमिश्नर से लेकर डीसीपी, डीएम



करवाया है। पुलिस का कहना है कि अभी मुकदमा अपराध संख्या 556/2020 आईपीसी की धारा 302 के तहत दर्ज किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

और विकास प्राधिकरण के सीईओ तक को सुरक्षा इंतजामों पर लिख कर दिया जा चुका है। पिछले 2 वर्षों से केवल आश्वासन मिल रहे हैं।

# प्रेमी के साथ मिल पत्नी ने की पति की हत्या, उम्रकैद की सजा

बांदा (एजेसी)।बांदा जिला अदालत ने पति की हत्या में दोषी पत्नी और उसके प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई।

अदालत ने दोनों पर पांच–पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

जिले के सहायक शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी ने मंगलवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण यादव की अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद 20 सितंबर 2011 की रात कुल्हाड़ी मारकर राजेन्द्र सिंह की हत्या करने का दोष सिद्ध हो जाने पर मृतक की पत्नी सुनीता और उसके (सुनीता के) प्रेमी कुलदीप सिंह को उम्र कैद की सजा सुनकर दोनों के ऊपर पांच–पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

तिवारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट निवाईच गांव निवासी राजेन्द्र सिंह के बड़े भाई रामेश्वर सिंह ने 21 सितंबर 2011 को पैलानी थाने में दर्ज करवाई थी।

रिपोर्ट में कहा गया था कि राजेन्द्र की पत्नी सुनीता के अवैध संबंध उसकी (सुनीता की) सगी बड़ी बहन के बेटे कुलदीप सिंह से थे।

अवैध संबंधों का विरोध करने पर सुनीता और उसके प्रेमी कुलदीप ने रात को खेत में कुल्हाड़ी से हमला कर राजेन्द्र की हत्या कर दी थी।

उन्होंने बताया कि मामले में सुनीता को जमानत मिल गयी थी, जबकि कुलदीप गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 12 गवाह पेश किए गए हैं।

# कोरोना की चपेट में आए वरिष्ठ सपा नेता एसआरएस यादव का निधन

लखनऊ (एजेसी)। कोरोना कहर नेताओं को भी नहीं बख्श रहा है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद सदस्य एसआरएस यादव भी इसकी चपेट में आ गए जिसके चलते उनका निधन हो गया है। वह 87 वर्ष के थे।

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने मंगलवार को को बताया कि यादव कोरोना के मरीज थे और उन्होंने सोमवार देर रात लखनऊ स्थित संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान में अंतिम सांस ली।

उन्होंने बताया कि उनमें गत एक सितंबर को कोविड–19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि उन्नाव जिले के मूल निवासी रहे यादव के परिवार में पत्नी और तीन बेटे हैं।

वर्ष 1992 तक प्रशासनिक अधिकारी रहे यादव सेवानिवृत्त होने के बाद से समाजवादी पार्टी के लिए काम कर रहे थे।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी सहयोगियों में शामिल किए जाने वाले एसआरएस यादव पूर्व में पार्टी के कार्यालय प्रभारी तथा अन्य कई पदों पर रह चुके थे। वर्तमान में वह पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यादव ने सेवानिवृत्ति के बाद अपना सारा जीवन समाजवादी पार्टी को समर्पित कर दिया।

उन्होंने कहा कि यादव सच्चे समाजवादी थे और हमेशा समाज के दबे, कुचले और वंचित वर्गों के भले के लिए काम किया।

# किन्नर की हत्या की सुपारी लेने वाले पांच लोग हुए गिरफ्तार

प्रयागराज (एजेसी)। प्रयागराज पुलिस ने किन्नर की हत्या की योजना बनाने वाले पांच सुपारी किलर को गिरफ्तार किया है। वहीं, इस साजिश में शामिल दो अभियुक्त अभी फरार हैं। पुलिस ने पांचों सुपारी किलर के पास से दो देशी तमंचे, जिंदा कारतूस और 11 देशी बम भी बरामद किए हैं।

दरअसल, सदियापुर में तकरीबन चालीस लाख कीमत के एक मकान के विवाद में मकान मालिक ने ही चार लाख में छोटी गुरु किन्नर की हत्या की सुपारी दी थी।

पुलिस ने बताया कि हत्या की सुपारी देने में अहमद नाम का एक व्यक्ति और एक किन्नर शामिल है।

पुलिस और क्राइम ब्रांच को छोटी गुरु किन्नर की हत्या की सुपारी दिए जाने की भनक लग गई थी, जिसके बाद से ही पुलिस और क्राइम ब्रांच सुपारी किलर की तलाश में जुट गई थी।

गिरफ्तार किए गए सुपारी किलरों की पहचान इमरान, जीशान, आकिब, जैनुल और मोनू के रुप में हुई।

इनमें इमरान, आकिब और जैनुल दरियाबाद जोगी घाट अतरसुइया के रहने वाले हैं, जबकि जीशान खान सुल्तानपुर भावा थाना खुल्दाबाद और मोनू रसूलपुर थाना करेली का रहने वाला है।

**मकान से जुड़ विवाद में रची हत्या की साजिश**

एसएसपी अभिषेक दीक्षित ने इस संबंध में बताया कि ये मकान से जुड़ा हुआ विवाद है।

उन्होंने कहा है कि छोटी किन्नर की हत्या के लिए सुपारी किलर द्वारा रेकी भी कर ली गई थी।

छोटी किन्नर की हत्या करने की साजिश रचने में शामिल फरार चल रहे दो अभियुक्तों को भी पुलिस जल्द गिरफ्तार करेगी।

# लखनऊ में 950 नए कोरोना पॉजिटिव, 24 घंटे में 15 की मौत प्रदेश में 5649 नए लोगों में संक्रमण की पुष्टि, 56 और मरीजों की मौत

लखनऊ(एजेसी)। राजधानी लखनऊ में पिछले 24 घंटों में 950 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। पॉजिटिव मरीजों की संख्या 41999 हो गई है। 838 मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज हुए। 15 मरीजों की संक्रमण की वजह से मौत हो गई। अब तक राजधानी में कुल मरने वालों की संख्या 452 हो गई है। आशियाना 40, इंदिरा नगर 48, आलमबाग 47, ठाकुरगंज 29, तालकटोरा 31, हसनगंज 23, गोमतीनगर 49, हजरतगंज 31, मड़ियांव 37, रायबरेली रोड 37, अलीगंज 38, जानकीपुरम 28, महानगर 33, कैंट 35, चौक 29, चिनहट 37, पारा 14, 28, सआदतगंज 27, गोमतीनगर विस्तार 14, विकास नगर 27, कृष्णानगर में 18 और हुसैनगंज में 17 लोग संक्रमित पाए गए हैं।

उधर प्रदेश में 5649 नए लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। यूपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में अब तक 205731 मरीज कोविड–19 संक्रमण से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और 62144 मरीजों का राज्य के विभिन्न कोविड अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान 56 और मरीजों की मौत हो गई।

इसके साथ ही प्रदेश में वायरस से मरने वालों की संख्या 3976 हो गई है।

राजधानी लखनऊ में सबसे ज्यादा 15 लोगों की मौत हुई है।

क्रांति समय फाउंडेशन (NGO)

# पत्नी का बनवाया फर्जी डेथ सर्टिफिकेट, रचाई दूसरी शादी

लखनऊ (एजेसी)। लखनऊ के हजरतगंज में एक युवक ने अपनी पत्नी का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाकर सारी संपत्ति हड़प ली। यही नहीं युवक ने महिला मित्र से दूसरा विवाह भी रचा लिया। इस मामले में पीड़िता ने हजरतगंज कोतवाली में केस दर्ज कराया है। युवती ने शिकायत में कहा कि पति ने महिला मित्र व उसके भाइयों की मदद से फ्लैट बेचा और बैंक में जमा 1.78 करोड़ रुपये हड़प लिये। जानकारी के अनुसार, युवती की 21 नवंबर 2017 को शादी डॉट कॉम के माध्यम से आरोपी वेंकट सुब्रामण्यन नारायणन से शादी हुई थी। शादी के दौरान हुई बातचीत में वेंकट ने खुद को मैकेनिकल इंजिनियर और विदेशी कंपनी में कार्यरत बताया था। शादी के कुछ वक्त बाद वेंकट ने बताया कि उसकी नौकरी कैपरेस कंपनी जामनगर गुजरात में लग रही है। नौकरी की बात कहकर 10 जून को वेंकट गुजरात गए।

पीड़िता ने बताया कि हाल ही में पता चला कि पति वेंकट, उनकी महिला मित्र रश्मि शर्मा, उसके भाई लकी शर्मा, मिक्की व प्रीतिम शर्मा निवासी राजस्थान ने साजिश के तहत उसकी संपत्ति हड़पने के लिए फर्जीवाड़ा किया। सभी ने मिलकर उसको मृत बताकर उसका जाली डेथ सर्टिफिकेट बनाकर उसके नाम पर दर्ज संपत्ति विभूतिखंड के पार्श्वनाथ प्लानेट स्थित फ्लैट के जाली दस्तावेज बनाकर अपने नाम करवा ली। यही नहीं पीड़िता के करीब 80 लाख के जेवर भी गायब कर दिए। पड़ताल करने पर पता चला कि वेंकट ने जाली डेथ सर्टिफिकेट के सहारे अपनी महिला मित्र रश्मि शर्मा से दूसरी शादी कर ली। इतना ही नहीं, वेंकट ने उनके जाली साइन बनाकर बैंककर्मियों की मदद से फिक्स डिपॉजिट में जमा 1.78 करोड़ रुपये निकालकर रश्मि के खाते में जमा कर दिए।

पीड़िता ने जब विरोध किया तो वेंकट व रश्मि ने धमकाया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दवंगो ने दलित को पीट पीट कर मार डाला

मैनपुरी(एजेसी) ज़िले के थाना कोतवाली क्षेत्र के खरगजीत नगर में एक दलित आदमी की पिटाई का वीडियो रविवार को वायरल



हुआ था ।वीडियो में, कुछ दूर से देखा जा रहा है कि कुछ युवक सर्वेश दिवाकर को बुरी तरह से पीट रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय दलित युवक सर्वेश दिवाकर को कुछ युवकों ने एक मकान की छत पर बुरी तरह पीटना शुरू किया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक सर्वेश दिवाकर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ आज इलाज के दौरान घायल युवक सर्वेश दिवाकर ने दम तोड़ दिया।

मृतक युवक मूल रूप से जिला फिरोजाबाद के सिरसागंज का रहना वाला बताया जा रहा है ।वह यहां अपने परिवार के साथ रहकर हलवाई का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था ।एसपी अजय कुमार में बताया कि चार लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

# सार–समाचार

## सीजनल अमीन संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा

कानपुर राजस्व संग्रह सीजनल अमीन कर्मचारी सेवक वेलफेयर एसोसिएशन ने आज मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन में शासनादेशो व परिषदादेशो का अनुपालन करके सम्पूर्ण समायोजन, आयु सीमा शिथिलता, नियमावली संशोधन करने की मांग की गयी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार कहा की सीजनल संग्रह अमीनो व अनुसेवको के विनियमितिकरण के लिए अनेको शासनादेश मौजूद है द्य इसके बावजूद प्रशासनिक व शासन की उपेक्षा के चलते विनियमितिकरण, नियमावली संशोधन



व आयु सीमा शिथिलता नहीं हो पा रहा है वीरेन्द्र कुमार ने बताया की शासन से लेकर जिला प्रशासन तक सभी से फरियाद की जा चुकी है द्य शासनादेश 29 अगस्त 2001 का अनुपालन कर दिया गया होता तो प्रदेश में एक भी सीजनल अमीन व अनुसेवक विनियमितिकरण के लिये वंचित न रहता

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा की सरकार न तो तो जीने दे रही और न मरने दे रही है द्य केवल तड़पा रही हैं। 15 अगस्त को भैरोघाट मे तिरंगा ओढ़ कर जल समाधी लेने के दौरान जिलाधिकारी ने मांगो को पुरा कराने के लिये आस्वाशन दिया था द्य सचिव राजस्व से बार्ता भी की थी लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी।


सीजनल अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार विनियमितिकरण, सम्पूर्ण समायोजन, नियमावली संशोधन, आयु सीमा शिथिलता नहीं हुयी तो अब केवल एक ही रास्ता बचा है की मुख्यमंत्री आवास पर आत्मदाह कर लूं । आज ज्ञापन देने वालो में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा, प्रवीण वाजपेयी, जगजीवन, सत्येन्द्र सिह, राम सजीवन, सुशान्त चक्रवर्ती, राजेन्द्र सिंह, गोविन्द कुमार, अमर चन्द्र वाजपेयी, सुशील अवस्थी, योगेश, आदि शामिल थें।

## स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का दर्शन कराती ग्राम पंचायत कांथा तथा संक्रामक बीमारियों के फैलने की शंका

क्रांति समय संवाददाता

उन्नावःअसोहा विकासखंड की सबसे बड़ी गांव पंचायत कांथा में जल निकासी का समुचित प्रबंध न होने के चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर भरा है। नतीजे में लोगों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूषित जल जमाव के चलते लोग संक्रामक बीमारियों के फैलने को लेकर भी सशंकित हैं।

विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम सभा का दर्जा प्राप्त है। लगभग 15000 आबादी वाली पंचायत के प्रमुख गांव की ही हालत बहुत खराब है। नालियों के निर्माण न होने, कच्ची नालियों की सफाई न करने के



कारण गंदा पानी सड़कों पर फैला हुआ है जिसके चलते राहगीरों को जहां कठिनाई होती है वही इससे उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। बता दें कि ज्ञात हो कि इसी प्रमुख मार्ग से एक इंटर कॉलेज का रास्ता जाता है।

जानकारी के मुताबिक एक बड़े कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन सिंह ने मंच से क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुधीर त्रिपाठी से पुरजोर मांग कर जल निकासी की व्यवस्था का आग्रह किया था परंतु अभी तक किसी के ध्यान न देने से उपरोक्त समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इतना ही नहीं गत दिनों खंड विकास अधिकारी असोहा धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर निरीक्षण कर बजबजाती हुई नालियां व सड़कों पर बह रहा पानी स्वयं देखा था तथा उन्होंने अबिलंब ग्राम पंचायत अधिकारी पवन मौर्य व रोजगार सेवक अनूप दीक्षित को गांव की हर नाली को साफ कराने

## सांसद साक्षी महराज को फिर मिली जान से मारने की धमकी

क्रांति समय संवाददाता

उन्नाव, जिले के बहुचर्चित सांसद साक्षी महाराज अपनी सुरक्षा को लेकर परेशान है। उन्होंने इस बात पर अचरज जाहिर किया कि आतंकियों से धमकी मिलने के बाद केंद्र व राज्य सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीरता क्यों नहीं बरत रही है।

मंगलवार अपने आवास पर सांसद साक्षी महाराज से हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि मेरे बयानों को मीडिया में जिस तरह से प्रचारित किया जाता है उसके चलते कभी दुबई कभी पाकिस्तान तो कभी कुवैत से धमकी भरा फोन आ जाता है। जहां तक सुरक्षा का प्रश्न है तो यह बात मेरी समझ में खुद नहीं आ रही है कि केंद्र व राज्य सरकार आखिर किस अनहोनी का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि दुबई से धमकी देने वाले एक आतंकी को एटीएस ने गिरफ्तार किया जो जेल में है।



बता दें कि इससे पहले सांसद साक्षी महाराज को जान से मारने की धमकी व आवास को बम से उड़ाने की बात कही। जिस पर उन्होंने जिलाधिकारी व एसपी को प्रार्थनापत्र में बताया कि सोमवार दोपहर को उनके मोबाइल पर 92315122598़9 नंबर से फोन आया। जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए उनके निवास को बम से उड़ाने की भी बात कही। इस पत्र में सांसद ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए सख्त कार्वाई करने व उनके जानमाल की

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# वडोदरा के कोविड अस्पताल में अचानक लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

गुजरात के वडोदरा में Sayajirao General Hospital (एसएसजी अस्पताल) के कोविड और इमरजेंसी वार्ड में आग लग गई. समय रहते आग पर काबू पा लिया गया.

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री नितिन पटेल ने बताया कि इस अस्पताल में कोविड–19 के लगभग 300 रोगियों का इलाज चल रहा है. उन्होंने कहा कि 35 रोगियों को बाहर निकाल लिया गया. कोई हताहत नहीं हुआ और आग पर काबू पा लिया गया है.

''छह मंजिला एसएसजी अस्पताल के पहले तल पर एक आईसीयू में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई.'' उन्होंने कहा, ''यह मामूली आग थी,

जिसे काबू में कर लिया गया है. प्रभावित वार्ड से 15 और नजदीकी वार्ड से 20 रोगियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया था.''







## भाजपा सांसद के बाद पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भी कोरोना कोरोना संक्रमित

अहमदाबाद गुजरात प्रदेश भाजपा मुख्यालय कोरोना का केन्द्र बनता जा रहा हैं।

एक के बाद एक भाजपा नेता कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। आज और दो भाजपा नेताओं को कोरोना हो गयां।

पूर्वी अहमदाबाद के भाजपा सांसद हसमुख पटेल की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं।

हसमुख पटेल ने सोमवार को अहमदाबाद में कोविड विजय रथ लोचिंग कार्यक्रम में भाग लिया था।

हसमुख पटेल के बाद प्रदेश भाजपा प्रवक्ता भरत पंड्या को भी कोरोना हो गया हैं।

भरत पंड्या को अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

दूसरी भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कमलम में प्रमुख कार्यकर्ताओं को फिलहाल नहीं आने की सलाह दी गई हैं।

पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं राज्य सरकार के मंत्री वेबकैम के जरिए सुन रहे हैं।

दरअसल भाजपा कार्यालय में 4 कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद मंत्रियों ने भी पार्टी मुख्यालय में आना बंद कर दिया है।

## मुख्यमंत्री का सिरामिक उद्योगों को गैस बिल में 16 फीसद राहत देने का फैसला

अहमदाबाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राज्य के सिरामिक उद्योगों को गैस बिल में 16 फीसदी की राहत देने का अहम निर्णय किया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से मोरबी, सुरेन्द्रनगर और साबरकांठा के कुल 1,160 सिरामिक उद्योगों को गुजरात गैस कंपनी लिमिटेड और साबरमती गैस लिमिटेड के गैस के बिल में प्रति मानक घन मीटर (स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर– एससीएम) 2.50 रुपए की अतिरिक्त राहत मिलेगी। इससे पूर्व विजय रूपाणी ने इन उद्योगों को बिल पर प्रति एससीएम 2 रुपए की राहत दी थी। आज उच्चस्तरीय बैठक में अतिरिक्त ढाई रुपए की राहत देने का निर्णय किया गया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय के चलते राज्य के सिरामिक उद्योग वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा में टिक सकेंगे और निर्यात बढ़ाने के अलावा अधिक विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकेंगे। गौरतलब है कि सिरामिक उद्योगपतियों ने कोरोना महामारी के कारण सिरामिक उद्योग के मुश्किल दौर से गुजरने की बात रूपाणी के समक्ष रखी थी, इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार ने सिरामिक उद्योगों की मदद के आशय से गैस बिल में यह अतिरिक्त 2.50 रुपए की राहत देने का निर्णय किया है। अब, 8 सितंबर से गैस की कीमतों में 2.50 रुपए की छूट के बाद कुल 4.50 रुपए की राहत के चलते गैस की नई कीमत 24.91 रुपए प्रति मानक घन मीटर हो गई है। यह कीमत मई–2020 की तुलना में 16 फीसदी कम है। इस तरह, राज्य के सिरामिक उद्योगों को गैस बिल में 16 फीसदी का डिस्काउंट मिला है। राज्य के सिरामिक उद्योगों के सभी अग्रणियों और फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त

## राज्य में कोरोना के 1295 नए केस, 1445 लोग ठीक हुए, 13 मरीजों की मौत

अहमदाबाद गुजरात में कोरोना की रफ्तार तेज होती जा रही हैं। राज्य में कोरोना का ग्राफ 1.06 लाख को पार पहुंच गया है और 3136 मरीजों की अब तक मौत हो चुकी हैं। सितंबर महीने में आज राज्य में पहली बार 1300 से कम कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं। जबकि 1445 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। राज्य में आज 72076 समेत अब तक कुल 2925447 टेस्ट किए गएद्य जिसमें 106966 कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज हुए।

राज्य में फिलहाल 16351 कोरोना के सक्रिय मरीज हैं। जिसमें 16269 स्टेबल और 82 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं। जब 87479 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है और 3136 मरीजों की कोरोना से अब मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज सूरत कॉर्पोरेशन में 177, अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 148, राजकोट कॉर्पोरेशन में 98, सूरत में 88, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 84, जामनगर कॉर्पोरेशन में 83, वडोदरा में 40, राजकोट में 36, पंचमहल में 34, कच्छ में 32, पाटन में 28, अमरेली में 27, भ. ावनगर कॉर्पोरेशन में 26, मोरबी में 26, मेहसाणा में 23, अहमदाबाद में 22, बनासकांठा में 22, भरुच में 22, दाहोद में 20, गांधीनगर में 20, देवभूमि द्वारका में 19, जूनागढ़ में 18, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन में 18, जामनगर में 16, आणंद में 15, भावनगर में 15 और गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 15 समेत राज्यभर में कुल 1295 पॉजिटिव के सामने आएं। जबकि 1445 लोगों की डिस्चार्ज किया गयां।

# कोरोना काल में भी नहीं थमने दी विकास की रफ्तारः मुख्यमंत्री

अहमदाबाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के इस संकट काल में जब पूरी दुनिया में विकास कार्यों पर ब्रेक लग गया है,

तब गुजरात ने इस विकट समय में भी राज्य में 9,255 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का ई–लोकार्पण और भूमिपूजन कर विकास की रफ्तार को थमने नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गांधीनगर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वडोदरा महानगर में 44 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और 279 करोड़ रुपए के कार्यारंभ–भूमिपूजन सहित कुल 322.66 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का 'एट वन क्लिक' शुभारंभ किया।

गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ जुड़े थे। उन्होंने कहा कि कोरोना के संकट काल में भी गुजरात न झुका है, न रुका है बल्कि विकास की लंबी छलांग रहा है।

इतना ही नहीं, कार्य शुरू कर उसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने की रणनीति अपनाकर 'जिसका भूमिपूजन हम करते हैं, उसका लोकार्पण भी हम ही करते हैं' ऐसी जो कार्यसंस्कृति विकसित की है उसे आगे बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 45 फीसदी आबादी नगरों व महानगरों में रहती है, ऐसे में जनता की आकांक्षा एवं अपेक्षाओं को पूर्ण करने के साथ ही पानी, ड्रेनेज, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह सरकार 'जहां नागरिक, वहां सुविधा' के मंत्र के साथ सेवारत है। उन्होंने कहा कि विकास के कामकाज में विवाद नहीं संवाद और न्यूनतम साधनों के अधिकतम इस्तेमाल की संकल्पना के साथ नगर सुख–सुविधा के कार्यों को नई गति प्रदान की है। रूपाणी ने साफ कहा कि अतीत की कांग्रेसी सरकारों के दौरान ध ान के अभाव में विकास के कार्य होते ही नहीं थे। नगरपालिका और महानगरपालिका को ऐसे कार्यों के लिए राज्य सरकार की तरफ से फूटी कौड़ी भी नहीं मिलती थी और स्थानीय प्रशासन को वित्तीय संस्थाओं और विश्व बैंक आदि से कर्ज लेकर अपना काम निपटाना पड़ता था। जबकि आज स्थिति बिल्कुल विपरीत है, विकास के कार्य पैसे की चिंता किए बिना हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निकाय की

### 'गत 6 महीने में गुजरात में 9255 करोड़ के विकास कार्यों का किया ई–लोकार्पण व भूमिपूजन'



संस्थाओं और महानगरपालिकाओं से आह्वान किया कि वे पैसे की चिंता किए बगैर विकास कार्यों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग करें। उन्हा. ेंने कहा कि, जितने ज्यादा काम लेकर आएंगे, यह सरकार उतना ही ज्यादा धन मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य विकास ही है और विकास कार्यों को करने की तत्परता के साथ केंद्र और राज्य सरकार निश्चित लक्ष्यपूर्ति से कार्यरत है। खुले में शौच क्रिया मुक्त राज्य के रूप में गुजरात के अग्रणी स्थान का जिक्र करते हुए

रूपाणी ने संकल्प जताया कि अब प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी नल से जल योजना के अंतर्गत भी सौ फीसदी घरों को नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नगरों और महानगरों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकास की वैश्विक प्रतियोगिता में खड़े रह सकें ऐसे स्मार्ट सिटी बनाने के लिए राज्य सरकार ने अनेक दृष्टिकोण अपनाएं हैं। उन्हा. ेंने कहा कि राज्य के 4 शहरों ने देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में भी टॉप–10 में स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। वडोदरा नगर को भी इस सूची में स्थान बनाने के लिए उन्होंने बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों में कोरोना मुक्त गुजरात बनाने के साथ अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में एक संपूर्ण इकोसिस्टम खड़ा कर गुजरात को सर्वग्राही विकास के एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित करने की मंशा जताई।

नर्मदा विकास राज्य मंत्री योगेशभाई पटेल ने वडोदरा के विकास को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नर्मदा नहर के निकट स्थित टिंबी तालाब को भरकर शहर के पूर्वी इलाके के लिए जलापूर्ति का एक और स्रोत विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

एक हजार एकड़ क्षेत्र में फैले प्रताप सरोवर की वडोदरा के लिए जल भंडार बनने की संभावना को देखते हुए उन्होंने मानसून के तुरंत बाद इस तालाब में सफाई कार्य शुरू करने का वडोदरा मनपा से आग्रह किया।

पटेल ने एम.एस. यूनिवर्सिटी के पास उपलब्ध विभिन्न विषयों की विशेषज्ञता और विकास आयोजनों के संदर्भ में देशभर से ली जा रही उसकी परामर्श सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वडोदरा महानगरपा. लिका भी विकास योजनाओं में यूनिवर्सिटी की निपूणता का लाभ उठा सकती है।

## कुवार की गर्मी के बीच फिर एक बार राज्य में भारी बारिश का अनुमान

अहमदाबाद चार दिनों के बाद गुजरात में बारिश की वापसी हुई हैं। बारिश की रि एन्ट्री से कुवार की गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली हैं।

अब मौसम विभाग ने राज्य में छुटपुट बारिश के साथ ही 11 और 12 सितंबर को भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया हैं।

राज्य के कई इलाकों में अतिभारी बारिश भी हो सकती हैं। गुजरात में अब तक मौसम की 121 प्रतिशत बारिश हो चुकी है और मौसम विभाग की मानें तो राज्य में 30 सितंबर तक बरसाती माहौल बरकरार रहेगां।

मौसम विभाग के मुताबिक 10 सितंबर से तीन दिन तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में गरज के साथ हलके से मध्यम बारिश हो सकती हैं।

लंबे समय के बाद अहमदाबाद में बारिश होने की संभावना हैं। आगामी 10 सितंबर को उत्तरी गुजरात के साबरकांठा, अरवल्ली समेत महीसागर, सूरत, नवसारी, वलसाड, डांग, दमण और दादरा नगर हवेली में सामान्य बारिश होने की संभावना हैं।



11 सितंबर को दमण, दादरा नगर हवेली, गांधीनगर, अरवल्ली, खेडा, अहमदाबाद, आणंद, पंचम. हल, दाहोद, महीसागर, भावनगर, अमरेली, गिर सोमनाथ, बोटाद और दीव में और 12 सितंबर को दमण, दादरा नगर हवेली, गांध ीनगर, खेडा, अहमदाबाद, आणंद, पंचमहल, दाहोद, महीसागर, भावनगर, अमरेली, गिर सोमन. ाथ, बोटाद, राजकोट, जूनागढ़, सुरेन्द्रनगर, दीव, कच्छ, नवसारी और वलसाड में गरज के साथ बारिश होगीं।




## सड़क पर दौड़ती कार अचानक धू धू कर जलने लगी, बाल बाल बचा ड्राइवर

सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में सड़क पर दौड़ रही एक कार में अचानक धुआं निकलने लगा और आग लगने से अफरातफरी मच गईं। इस घटना में कार का ड्राइवर बाल बाल बचां। घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पायां। जानकारी के मुताबिक सूरत के वराछा क्षेत्र की सहजानंद सोसायटी निवासी नितिन डुंगरानी सोमवार की रात अपनी वर्ना कार में शहर के



अडाजन गए थें। जहां कार में डीजल भराने के बाद महालक्ष्मी डेयरी में कोको लेने गए। लेकिन डेयरी बंद होने से नितिन डुंगरानी अपने घर की ओर लौट रहे थे। रास्ते में अडाजण के ऋषभ चौराहे के निकट कार में अचानक जलने की बदबू आते देख नितिन अपनी कार साइड में खड़ी कर दी और बोनट खोला तो उसमें से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पल में आग भड़क उठी। रात 11.11 बजे नितिन डुंगरानी तुरंत फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और कुछ देर में आग पर काबू पा लियां।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)